'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 15 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए रविवार, 31 मार्च 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# पार्टी के घोषणा पत्र में मिलेगा हर वर्ग के विचारों को सम्मान व स्थान : धनखड़

## धनखड़ ने चुनावी घोषणा पत्र समिति में शामिल करने पर जताया पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 30 मार्च।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गठित चुनाव घोषणा पत्र समिति में हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं मौजूदा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ को शामिल किया है। धनखड़ ने चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने वाली समिति में शामिल करने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में इस बार भाजपा 400 पार के संकल्प को जनता जर्नादन के आशीर्वाद से पार्टी का हर कार्यकर्ता पूरा करने को तैयार है। भाजपा के पास मोदी जैसा सशक्त, कुशल व लोकप्रिय नेतृत्व , सबका साथ- सबका विकास और सबका विश्वास की नीति और नीतियों को लागू करने की नेक नीयत है।

मेनिफेस्टो समिति सदस्य धनखड़ ने कहा कि यह चुनाव भारत को अमृत काल में आत्मनिर्भरता की ओर लेकर जाने वाला ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने का चुनाव है। धनखड़ ने जोर देते हुए कहा कि पीएम मोदी के संकल्प को साकार करने के लिए पार्टी के घोषणा पत्र में समाज के हर वर्ग के विचारों को बराबर सम्मान व स्थान दिया जाएगा। पिछले दस वर्षों में केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने सुशासन, गरीब कल्याण, महिला उत्थान, किसानों के लिए बीज से बाजार तक नीति, युवाओं के कौशल विकास के लिए अनेक संस्थान व स्टार्टअप जैसी योजनाएं, सेना का आधुनिकीकरण, फौज को दुश्मन के घर में जाकर मारने की छूट, अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, तीन तलाक का खात्मा, कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति सहित देश को आगे बढ़ाने के ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रभारी धनखड़ ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प बहुत बड़ा कार्य है। हर भारतीय का भी सपना है कि हमारा देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो। हर भारतीय के सपने को मोदी ने अपना संकल्प बनाया है। इसलिए पूरे देश में राजनीतिक माहौल भाजपा के पक्ष में हैं और चार जून को इस बार भाजपा 400 पार के संकल्प को देश की जनता जर्नादन साकार करने जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी के नेतृत्व में हर भारतीय के सपने को साकार करने वाला चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा।

# लोकसभा आम चुनाव के दौरान अवैध रूप से नहीं होने दी जाएगी शराब की बिक्री : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

### लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान के तहत आयोजित करवाएं जा रहा हैं जागरूकता कार्यक्रम

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने वीसी के माध्यम से ली जिला उपायुक्तों की बैठक



**समाचार गेट ब्यूरो**


**चंडीगढ़, 30 मार्च।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए प्रदेश में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। पुलिस प्रशासन सहित आबकारी विभाग द्वारा शराब के वैध वैंडर व उनके स्टॉक आदि की निरंतर चेकिंग की जाए। अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने शनिवार को वीसी के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने श्री अग्रवाल ने कहा कि चुनाव के दौरान जिस भी अधिकारी की जो भी ड्यूटी लगाई गई है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करें। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि वे अपने से संबंधित सभी मतदान केन्द्रों का मौका मुआयना करें, अगर किसी मतदान केन्द्र को और कहीं शिफ्ट करवाना है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें ताकि समय पर उस मतदान केन्द्र को शिफ्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी सुनिश्चित करें कि मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौलाचय व अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध है या नहीं। जिस भी मतदान केन्द्र पर जिस भी चीज की कमी है तो उसे तुरंत पूरा करवाएं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग कर सके। उन्होंने जिला के सभी मतदाताओं का आह्वान किया कि 25 मई को आयोजित होने वाले इस लोकतंत्र के पर्व में सभी हिस्सा लें और अपने मतदान का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योदान दें।

# बेटी बनकर आई, आपदा में कहां थी?





**समाचार गेट/कमलेश भारतीय पूर्व उपाध्यक्ष, हरियाणा ग्रंथ अकादमी।**

मंडी में अभिनेत्री कंगना रानौत ने अपने प्रचार में पहला रोड शो किया और लोगों से कहा कि मुझे अभिनेत्री नहीं, अपनी बेटी समझें । इस पर मंडी की कांग्रेस की सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की धर्मपत्नी तो कुछ नहीं बोलीं लेकिन उनके बेटे व हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जरूर सवाल किया कि जिन दिनों मंडी प्राकृतिक आपदा झेल रहा था, तब यह बेटी कहां थी ? करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था और तब तो सासंद प्रतिभा सिंह ही मंडी के लोगों के काम आई थीं । बेटी नदारद रही थी, विक्रमादित्य ने कहा कि कंगना यहां की बेटी तो है लेकिन आपदा में क्या लोगों से मिलने और उनका दुख दर्द जानने आई ?

साफ बात है कि कांग्रेस की ओर से श्रीमती प्रतिभा सिंह को ही मंडी में कंगना रानौत का मुकाबला करना है और फिल्मी अभिनेत्री होने के नाते कंगना का प्रचार अपने आप हो रहा है । इस बार श्रीमती प्रतिभा सिंह को कड़ा मुकाबला झेलना पड़ेगा, यह बात तो तय है । दूसरे कांग्रेस की गुटबाजी को भी अंदर खाते झेलना होगा ।

वैसे यहां यहां फिल्मी सितारे चुनाव मैदान में होते हैं, वहां वहां उनके कामकाज की नहीं, फिल्मी छवि को ही भुनाने की हर राजनीतिक दल की रणनीति होती है । कहां तो हेमवती नंदन बहुगुणा, जो उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता रहे और कहां राजनीति में नौसिखिया अमिताभ बच्चन लेकिन जीत अमिताभ की ही हुई थी । कहां राम नाइक और कहां गोबिंदा लेकिन जीत तब भी विरार के छोरे की हुई थी, जिसे राम नाइक आज तक भुला नहीं पाये । जब तब उस हार का मलाल आ ही जाता है उनके चेहरे पर ही नहीं, बयानों में भी ! पंजाब में गुरुदासपुर की लोकसभा सीट पर कभी विनोद खन्ना तो कभी सन्नी द्योल सांसद बनते आये और राजनेता इनके सामने हारते आये । यही सच है । मथुरा में प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमामालिनी के सामने चुनाव लड़ने वाले का किसी को नाम भी याद नहीं होगा, यही हाल है फिल्मी सितारों के सामने चुनाव लड़ने वालों का ! जनता फिल्मी सितारों को इतने करीब पाकर ही गद्गद् हो जाती है। राजेश खन्ना भी दिल्ली से सासद बने थे । अगर कोई बदकिस्मत रही तो उर्मिला मातोंडकर, जो कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ी और हार गयीं और फिर कांग्रेस भी छोड़ गयीं । अगर कोई अभागी रही तो नगमा, जो कांग्रेस टिकट पर सफल न रही। मेरठ में तो उन्हें लोगों की बेकाबू भीड़ से निकालना मुश्किल हो गया था लेकिन जीत जब भी नहीं मिली !

सितारे ज़मीं पर या सितारे लोकसभा चुनाव में, सितारे तो सितारे होते हैं और इसमें कोई शक नहीं कि कंगना रानौत फिल्मी सितारा हैं और प्रतिभा सिंह को इनके सामने कड़ी मेहनत कर अपनी सीट बचानी होगी! इस मंडी लोकसभा क्षेत्र पर हिमाचल ही नहीं बल्कि देश भर की नज़रेंलगी रहेंगीं!

# न्यायालय के आदेशों पर युट्यूबर एल्विस यादव व गायक फाजिलपुरिया के खिलाफ किया अभियोग अंकित

### सांपों के प्रति क्रूरता करने के मामले में माननीय न्यायालय के आदेशों पर गुरुग्राम पुलिस ने युट्यूबर एलविस यादव व गायक फाजिलपुरिया उर्फ राहुल यादव के खिलाफ किया अभियोग अंकित।



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम 30 मार्च।** शिकायतकर्ता सौरभ गुप्ता की याचिका पर कार्यवाही करते हुए माननीय श्री मनोज कुमार राणा ए.सी.जे.एम. गुरुग्राम की कोर्ट ने एक आदेश सी.आर.पी.सी. की धारा 156(3) के आदेश अनुसार एलविस यादव और गायक फाजिलपुरिया के गाने 32 बर बोर की शूटिंग के दौरान अवैध रूप से सांपों का प्रयोग और अभद्र भाषा का प्रयोग करने के कारण युट्यूबर एलविस यादव और गायक राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया के खिलाफ आज दिनांक 30.03.2024 को वन्यजीवों के प्रति क्रूरता और आई.पी.सी. की धारा 294 के तहत पुलिस थाना बादशाहपुर, गुरुग्राम में अभियोग अंकित किया गया है। प्रबंधक थाना बादशाहपुर, गुरुग्राम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वार उपरोक्त अभियोग का अनुसंधान नियमानुसार किया जा रहा है।



# एसडीएम तावडू संजीव कुमार ने अनाज मंडी तावडू का दौरा कर रबी फसलों के खरीद प्रबंधों का जायजा लिया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीएम तावडू संजीव कुमार ने शनिवार को अनाज मंडी तावडू का दौरा कर रबी फसलों के खरीद प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान अनाज मंडी में सभी प्रबंधों की समीक्षा की और किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को चेक किया। एसडीएम ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों व खरीदी एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सरकार के नियम अनुसार खरीद कार्य सुचारू रूप से जारी रखें किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने किसानों से भी अनुरोध किया कि वह मंडियों में अपनी फसल को सुखाकर लाएं ताकि उनकी फसल की जल्दी बिक्री संभव हो सके। एसडीम में बताया कि 31 मार्च को रविवार के दिन अवकाश होने के कारण मंडियों में सरकारी खरीद नहीं होगी। इसके लिए मार्केटिंग विभाग द्वारा किसानों को सूचित भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंडियों में सरसों की खरीद का कार्य शुरू हो चुका है



तथा आगामी 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद एजेंसियां सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर ही खरीद करें। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद कार्य पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी और नियमित जांच सुनिश्चित करेगी कि सभी प्रक्रियाएं सुचारू रूप से प्रबंधित हों और किसानों को कोई परेशानी ना हो।

# प्रधानाचार्य श्यामलाल बघेल 36 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृति हुए

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** इंद्री खंड के गांव आटा बारोटा के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पिछले 2 साल से सेवा दे रहे प्रधानाचार्य श्यामलाल बघेल आज सेवानिवृतित हो गए। श्यामलाल बघेल 36 वर्षों से शिक्षण क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे थे। मूलरूप से मेवात के खेड़ला गांव के निवासी और अभी सोहना मैं अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। आज स्कूल के प्रांगण में स्कूल के स्टाफ एवं बच्चों द्वारा उनका अभिनंदन समारोह रखा गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अपने गुरु के सम्मान में सुंदर-सुंदर प्रस्तुति पेश की गई। बहुत सारे बच्चे और अध्यापक इस पल पर भावुक हो गए। स्वयं श्याम लाल अपने अभिभाषण के दौरान बहुत भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू आने लगे। ग्राम वासियों एवं स्कूल अध्यापक गण एवं बच्चों के परिजनों ने बताया कि जब से श्याम लाल ने यहां का कार्यभार संभाला है तभी से स्कूल में शिक्षा का स्तर बहुत सुधर गया है। उनके साथी अध्यापक ने बताया कि श्याम लाल बहुत ही मेहनती और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी है। वह अपने सभी कार्यों को पूर्ण ईमानदारी के साथ करते हैं।




जिसका परिणाम उनके बच्चों में देखने को मिल रहा है। उनकी बेटी चारु और पुत्र जतिन दोनों ने डॉक्टर की पढ़ाई पूरी कर कर अपने माता-पिता के सपनों को पूरा किया है। उनकी पत्नी मीना कुमारी भी एक अध्यापक है जो पिछले वर्ष सेवानिवृतित हो गई थी। ग्राम वासियों द्वारा फूल मालाओं एवं पगड़ी बांधकर श्याम लाल का स्वागत किया और उनकी सेवाओं के लिए उन्हें धन्यवाद किया। उनके शिष्य राजकुमार प्रजापति ब्लॉक समिति मेंबर ने बताया कि उनके गुरु श्यामलाल ने हमेशा उन्हें बेटे की तरह प्यार दिया है ऐसे गुरु का मिलन वास्तव में भगवान का मिलना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लाल सिंह नंबरदार, बाल सिंह नंबरदार, वीर सिंह नंबरदार, सरपंच महावीर बरोटा, करतार सरपंच आटा आनंद कुमार ब्लॉक समिति मेंबर आटा एवं स्कूल अध्यापक राजेंद्र, जोगिंदर, जितेंद्र, सत्य प्रकाश एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। उनके सेवानिवृतित होने पर भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी जिला अध्यक्ष डॉ सुरेश बघेल एवं गौरव चुग मंडलअध्यक्ष, देवेंद्र गर्ग बरतन यूनियन प्रधान सोहना, नरेंद्र गर्ग, चौधरी समय सिंह सौरत, लक्ष्मण बघेल, उदय सिंह बघेल, रतन सिंह बघेल, ओम प्रकाश यादव रमेश खटोला आदि गणमान्य लोगों ने बधाई दी। श्याम लाल ने सभी का आभार प्रकट किया।

# बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों के किसान 6 अप्रैल तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भरें फसल खराबे की सूचना : विकास यादव



### एसडीएम व राजस्व विभाग की टीम ने बारिश व ओलावृष्टि प्रभावित गांवों का दौरा कर लिया स्थिति का जायजा

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला के क्षेत्रों में 29 मार्च को हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि के कारण खराब फसलों की सूचना प्रभावित गांवों के किसान 6 अप्रैल तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव व राजस्व विभाग की टीम ने डीसी राहुल हुड्डा के निर्देश पर बारिश व ओलावृष्टि प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल का दर्ज होना अनिवार्य है। सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 6 अप्रैल तक खोलने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से किसान अब सीधे ही आपदा से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। ऐसे किसान जिनकी फसल बारिश व ओलावृष्टि के कारण खराब हुई है, वे ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल ekshatipurti.haryana.gov.in/ पर आवेदन कर सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल पर उपलब्ध करवाए गए काश्तकार के सत्यापित खाते में सीधे जमा करवाई जाएगी। एसडीएम ने सभी तहसील अधिकारियों को आदेश दिए कि वे संवेदनशीलता के साथ प्राप्त दावों को सत्यापित करने का कार्य समय पर पूरा करें।

# नेत्रहीन मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर सलिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ई वी एम पर सलिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और जो मतदाता




चलने में असमर्थ हैं, उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही, उनकी सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस और रेड क्रॉस वॉलंटियर्स की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता और असक्त दिव्यांग मतदाता जो मशीन का बटन दबाकर वोट डालने में असमर्थ हैं, वे वोट डालने के लिए एक सहयोगी को अपने साथ लेकर जा सकते हैं। सहयोगी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता जो स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर वोट डालने में समर्थ हैं, उन मतदाताओं के साथ आने वाले सहयोगी दिव्यांग मतदाता को वोटिंग कक्ष तक ले जा सकते हैं, परंतु सहयोगी वोटिंग कक्ष के अंदर नहीं जा सकते हैं।

# श्रम एवं उद्योग मंत्री मूल चंद शर्मा को बावल औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** राज्य के श्रम एवं औद्योगिक मंत्री मूलचंद शर्मा ने अपने चंडीगढ़ निवास पर लघु उद्योगों के प्रतिनिधि मंडल के साथ एक आयोजित बैठक में भेंट की। इस मौके पर लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री जी को पुष्पगुच्छ भेट कर उनका अभिनंदन किया व साथ ही साथ मंत्री जी को एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें लघु उद्योगों की समस्याओं और उनकी समाधान के लिए मांगों का विस्तृत विचार किया गया। मंत्री जी ने बैठक में सहमति जाहिर की और मांगों को अति शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही, इंडस्ट्रियल सेक्टर में कॉमन टॉयलेट की व्यवस्था और बावल ई.एस.आई के निर्माणधीन हॉस्पिटल के कार्य को समयबद्ध टाइम पर पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से लघु उद्योग भारती के ज़िला अध्यक्ष संजय डाटा, ज़िला महामंत्री राजेश अग्रवाल व आदित्य डाटा मौजूद रहे।

# जिला उपभोगता फोरम ने काठुवास टोल टैक्स प्लाजा पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

## 24 घण्टे में वापसी पर काट लिया था पूरा किराया

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला उपभोक्ता फोरम ने काठूवास टोल प्लाजा पर 24 घण्टे में वापसी पर पूरे पैसे काटने पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है। कैलाश चंद एड्वोकेट ने बताया कि जिला रेवाड़ी निवासी रामकिशन सैनी अपनी निजी गाड़ी में परिवार सहित दिनाक 13 सितंबर 2022 को सुबह 06:17 मिनट पर रेवाड़ी से नारनौल गए थे, जब उनकी गाड़ी काठुवास टॉल प्लाजा पर पहुची तो उनकी गाड़ी के फास्ट टैग से नियमानुसार 65 रुपये का भुगतान ऑटोमैटिक कट गया, जिसके उपरांत वे उसी दिन सुबह 08:17 बजे वापिस नारनौल से रेवाड़ी आ रहे थे ओर दोबारा से काठुवास टॉल प्लाजा को पार करने लगे तो नियमानुसार उसी दिन (24 घण्टे में वापिस) आने पर नियमानुसार फ़ास्ट टैग से 35 रुपये ऑटोमैटिक कटने थे, क्योकि 24 घण्टे में वापिसी करने पर नियमानुसार आधे पैसे लेने का प्रावधान है, परन्तु काठुवास टॉल टेक्स प्लाजा ने 35 रूपये के बजाय 65 रुपये काट लिया। जिस पर शिकायतकर्ता ने इस बारे विरोध भी किया परंतु टोल प्लाजा कर्मचारियो ने उनकी सभी बातों को दरकिनार कर दिया। जिस पर शिकायतकर्ता ने इस बारे एक कानूनी नोटिस टोल प्लाजा को भिजवाया था।

नोटिस प्राप्त होने के तुरंत बाद टोल प्लाजा ने 35 रुपये शिकायतकर्ता के खाते में जमा कर दिए। परन्तु तब तक शिकायतकर्ता कानूनी प्रकिया में चला था और ये भी मकसद था कि ये टोल टैक्स वाले आमजन को परेशान करना बंद करे इसके लिये कुछ नशीहत लगनी जरूरी है। जिस पर रामकिशन सैनी ने जिला उपभोक्ता फॉर्म का दरवाजा खटखटाया। जिसमे शिकायत कर्ता रामकिशन सैनी की तरफ से कैलाश चंद एड्वोकेट और सीमा सैनी एड्वोकेट ने जिला उपभोकता फोरम के सामने टॉल प्लाजा से सम्बंधित केंद्र सरकार के नियम कानून की बात और सभी सबूत रखे। जिस पर दिनाक 26 मार्च 2024 को जिला उपभोकता फोरम ने दोनों पक्षो की बात को सुना और उसके बाद काठुवास टॉल प्लाजा पर 10,000 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और आदेश में लिखा जब से वाद दायर किया उस समय से आदेश होने तक का समय राशि 9प्रतिशत ब्याज सहित एक माह में चुकता कर देवे। एक माह से ज्यादा देरी पर ब्याज 12 प्रतिशत से देना होगा। न्यायालय का आदेश सुनकर कैलाश चंद एड्वोकेट ओर सीमा सैनी एड्वोकेट ने न्यायालय का आभार प्रकट किया।

# 35 साल न्यायालय की सेवा कर सेवानिवृत हुए बेलिफ रणबीर सिंह

## रेवाड़ी कोर्ट में जिला एवं सत्र न्यायधीश की अध्यक्षता में हुआ विदाई समारोह

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** शनिवार को रेवाड़ी जिला न्यायालय में जिला एवं सत्र न्यायधीश गुरविन्दर सिंह वाधवा की अध्यक्षता में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बेलिफ रणबीर सिंह को सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई।

हम आपको बता दे बेलिफ रणबीर सिंह खानपुरकलां के रहने वाले है जिन्होने 35 वर्ष न्यायालय की सेवा की है। बेलिफ रणबीर सिंह ने अपनी इस सर्विस के दौरान कई जगह सेवाएं दी है। उनका कार्यकाल बेहद ही अच्छा रहा है। उनकी सेवानिवृति पर जिला एवं सत्र न्यायधीश गुरविन्दर सिंह वाधवा व अन्य जजों ने भी उनके कार्यकाल को सराहा और उनको उनकी सेवानिवृति पर बधाई दी तथा



उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। इस अवसर पर एसडीजेएम कोसली नेहा गुप्ता, सुप्रिटेंडेंट अन्जू, डिप्टी सुप्रिटेंडेंट हेमंत चावला, ज्यूडिशियल एम्प्लाइज एशोसिएशन के प्रधान रामअवतार सहित अनेक जज, जूडिशियल स्टाफ व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गरीब बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में मिलेगा मुफ्त दाखिला

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** प्रदेश भर के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के सेक्शन 12 व आरटीई नियम 2011 के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत 25 फीसदी सीटों पर गरीब परिवारों के बच्चों को दाखिला सुनिश्चित किया है। शिक्षा निदेशालय ने 31 मार्च से 15 अप्रैल तक दाखिला आवेदन किए जाने के आदेश जारी किए हैं। परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार सालाना आमदनी वाले परिवार अपने बच्चों के प्री नर्सरी से पहली कक्षा तक निजी स्कूलों में दाखिला के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। ये अभिभावक सीधे संबंधित विद्यालय में ऑफ लाइन आवेदन कर सकते हैं। स्कूल स्तर पर दाखिला का लाटरी ड्रा 18 अप्रैल को निकाला जाएगा। इस पर निजी विद्यालयों द्वारा 22 अप्रैल तक बच्चों के दाखिला किए जाएंगे। इसके बाद पहले ड्रा में शामिल बच्चों द्वारा दाखिला न लेने की सूरत में बची हुई आरक्षित सीटों पर दाखिला 23 से 29 अप्रैल तक होंगे। जागरूक एंव पात्र अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों के दाखिला कराने के लिए आवेदन करें।

# सैनिक स्कूल की नर्सिंग सिस्टर पर पोर्न वीडियो दिखाने के लगे आरोप फेक

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला रेवाड़ी में पाली गोठड़ा में बने सैनिक स्कूल के तीन छात्रों द्वारा एक नर्सिंग सिस्टर पर पोर्न वीडियो दिखाने व एक छात्र से अंतरंग संबंध बनाने का मामला पूरी तरफ फेक निकला। एक छात्र ने राज खोला की सिस्टर को स्कूल से निकलने के लिए झूठी कहानी रची गई थी। हम आपको बतां दे स्कूल प्रबंधन को 11 वीं क्लास के तीन छात्रों से शिकायत मिली कि एक नर्सिंग सिस्टर उन्हें पोर्न वीडियो दिखाती है व एक छात्र से उंसके अंतरंग संबंध हैं। एडमिन मेजर अविनाश ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए खोल थाना जुवेनाइल पुलिस को पत्र लिख कर मामले की जांच के लिए शिकायत भेजी। सैनिक स्कूल उस पर जुवेनाइल का मामला होने पर पुलिस ने तुरंत इस मामले की जांच डीएसपी रेवाड़ी पवन कुमार को सौंपी।

डीएसपी ने जब छात्रों को तलब किया तो एक छात्र ने अपने परिजनों की उपस्थिति में बयान दर्ज कराए की ऐसा कोई मामला नहीं है। हमने मजाक में मैडम की कंप्लेंट स्कूल में की थी, हमें नहीं पता था कि यह मामला स्कूल से बाहर पुलिस तक भी पहुंच जाएगा। हम अपनी शिकायत वापिस लेते हैं।

# स्लेजहैमर फाउंडेशन ने महिलाओं को बांटी साड़ियां




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** समाज के पिछड़े वर्ग की मदद करने में स्लेजहैमर फाउंडेशन द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। इसी कड़ी में फाउंडेशन ने बल्लभगढ़ की विष्णु कालोनी के आंगनवाडी केंद्र पर जरूरतमंद महिलाओं को कपडे वितरित किए। इस दौरान करीब 60 महिलाओं को साड़िया वितरित की गई। इस मौके पर स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रतिमा मोहंती और समाजसेवी रूचि मेहंदीरत्ता मुख्य रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा वर्कर प्रधान हेमलता, आंगनवाडी वर्कर ममता और सुनीता, आंगनवाडी हेल्पर, विशनवती व रजनी ने अहम भूमिका निभाई।

स्लेजहैमर फाउंडेशन द्वारा समय समय पर जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किये जाते हैं। इसी सिलसिले में विष्णु कालोनी में महिलाओं को साड़ियां वितरित की। फाउंडेशन की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रतिमा मोहंती ने कहा कि फाउंडेशन का यह वस्त्र वितरण कार्यक्रम सालभर जारी रहेगा। जरूरतमंदों की मदद करने से मन को खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सच्ची सेवा है। इसलिए हम सभी को गरीबों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना एवं उनकी मदद करना ही स्लेजहैमर फाउंडेशन का उद्देश्य है। समाज में अमीर- गरीब के बीच इतनी दूरी बन गई है कि उसे भरने के लिए सभी लोगों को आगे आना पड़ेगा। इस मौके पर रूचि ने कहा कि वह फाउंडेशन द्वारा आयोजित वस्त्र वितरण में शामिल होकर गर्व महसूस कर रही है। आशा वर्कर प्रधान हेमलता ने कहा कि स्लेजहैमर फाउंडेशन ने यह बहुत बेहतर मुहिम शुरू की है। लोगों को इस मुहिम का हिस्सा जरूर बनना चाहिए।

# ये... दोस्ती...! हम नहीं तोड़ेंगे...!



**राजा नाहर सिंह की नगरी में होली के त्योहार पर एक दूसरे को रंगों में रंगकर होली का लुत्फ उठाते दोस्तों की टोली में राकेश, बलजीत सिंह, राजकुमार, अमृतलाल और विनोद कुमार समाज में भाईचारे का संदेश देते हुए। चित्रः समाचार गेट ब्यूरो**

# चुनाव के दौरान जिला में कहीं भी अवैध रूप से शराब की बिक्री न होने दी जाएः नरवाल

**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**भिवानी/सिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने जिला में सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं वे लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए हर मामले में पूरी सतर्कता के साथ काम करें। 25 मई को होने वाले मतदान के चलते सभी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कहीं भी शराब की अवैध रूप से बिक्री न हो। अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**उपायुक्त नरेश नरवाल ने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को दिए मौका मुआयना करने बारे जरूरी निर्देश**



अवैध शराब की बिक्री या तस्करी पर पूर्णरूप से रोकथाम के लिए पुलिस नाकों पर पूरी चौकसी बरती जाए। नरवाल ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ-साथ आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि शराब के स्टॉक व बिक्री का प्रतिदिन का रिकार्ड दुरूस्त रखें, यदि ऐसा नहीं पाया जाता है तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि अवैध शराब बिक्री के संभावित इलाकों में पुलिस की मदद से छापामार कार्रवाई की जाए। समय-समय पर शराब की सरकारी दुकानों का रिकार्ड चैक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि पोलिंग स्टेशनों की मौके पर जाकर चैकिंग की जाए। यदि वहां पर किसी प्रकार की कोई कमी है तो उसे समय रहते पूरा करवाया जाए। पोलिंग बूथों पर रैंप, पेयजल व बिजली आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। वहां के प्रबुद्ध लोगों से बातचीत की जाए ताकि मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो। इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां पर मौजूद लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील जाए। लोगों को लोकसभा चुनाव रूपी महापर्व में भागीदार बनाना है।

# लोकसभा चुनावः कितना खर्च कर सकता है उम्मीदवार?

**समचार गेट ब्यूरो**

कैंडिडेट इस बार भी लोकसभा चुनाव में खूब खर्च करने का सोच रहे होंगे लेकिन उन्हें चुनाव आयोग की नई गाइडलाइंस भी देख लेनी चाहिए। अब उम्मीदवार पानी की तरह पैसा नहीं बहा पाएंगे। चुनाव आयोग ने 2024 इलेक्शन के लिए एक लिमिट सेट कर दी है। और यह लिमिट विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अलग-अलग तरह है।




लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीति के इस महाकुंभ की शुरुआत हो गई है। 19 अप्रैल से 1 जून तक चलने वाले इस चुनावी अखाड़े में कई दिग्गज आमने-सामने होंगे। हालांकि देखा जाए तो मुकाबला दो टीमों के बीच ही होगा। एक तरफ तीसरी बार जीत के रथ पर चढ़ने को बेकरार एनडीए है तो सामने सालभर के अंदर बना नए विपक्षी गठबंधन इंडिया है। जीत किसे सिर पर ताज पहनने का मौका देगी, यह तो 4 जून को पता चलेगा। अब बात इस सबसे बड़े रण में उतरने वाले उम्मीदवारों की करते हैं। चुनाव आते ही कैंडिडेट पैसे को पानी की तरह बहाते हैं लेकिन ऐसा अब नहीं हो सकेगा। इसपर चुनाव आयोग ने सख्ती करते हुए कुछ सीमाएं लगा दी हैं। अब उम्मीदवार एक निश्चित अमाउंट तक ही चुनाव में खर्च कर सकेंगे।

चुनाव में उम्मीदवारों के पैसे खर्च करने पर ईसीआई ने लगाम लगाई है। नई व्यवस्था के मुताबिक, लोकसभा चुनाव लड़ रहे हर उम्मीदवार के लिए खर्च सीमा 95 लाख और विधानसभा चुनाव लड़ रहे हर उम्मीदवार के लिए खर्च सीमा 40 लाख रुपये रखी गई है। यह खर्च उम्मीदवार की ओर से नामांकन दाखिल करने के बाद से चुनाव प्रक्रिया पूरा होने तक के बीच किया गया खर्च माना जाएगा। इसमें जनसभाओं, रैलियों, विज्ञापनों, होर्डिंग्स, पैम्फलेट्स, फ्लेक्स, प्रचार सामग्री और चुनाव से जुड़े अन्य सभी कार्यों पर होने वाला खर्च भी शामिल है।

पहले यह सीमा अलग-अलग राज्यों के हिसाब से 54 लाख रुपये से 70 लाख रुपये के बीच थी, जिसे अब बढ़ाकर 75 लाख रुपये से 95 लाख रुपये कर दिया गया है। वहीं, विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा भी बढ़ाई गई है। पहले यह सीमा 20 लाख रुपये से 28 लाख रुपये के बीच थी, जिसे अब बढ़ाकर 28 लाख रुपये से 40 लाख रुपये कर दिया गया है। यह नई सीमा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में लागू है, जबकि गोवा और मणिपुर में यह सीमा 28 लाख रुपये ही है।

2020 में कोरोना महामारी के चलते 10% की बढ़ोतरी को छोड़ दें, तो चुनाव खर्च सीमा में आखिरी बड़ा बदलाव 2014 में हुआ था। चुनाव आयोग ने 2020 में खर्च सीमा पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई थी. आयोग के बयान के अनुसार समिति ने राजनीतिक दलों, मुख्य चुनाव अधिकारियों और चुनाव पर्यवेक्षकों से सुझाव आमंत्रित किए थे। समिति ने पाया कि 2014 के बाद से मतदाताओं की संख्या और महंगाई में काफी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही, प्रचार के तरीकों में भी बदलाव को ध्यान में रखा गया, क्योंकि प्रचार अब धीरे-धीरे ऑनलाइन हो लगा है।

चुनाव आयोग ने बताया कि समिति ने खर्च सीमा बढ़ाने की सिफारिश की थी। समिति ने दो मुख्य बातों को ध्यान में रखा - पहली, राजनीतिक दलों की मांग, और दूसरी, मतदाताओं की संख्या में वृद्धि। मतदाताओं की संख्या 2014 के 83.4 करोड़ से बढ़कर 2021 में 93.6 करोड़ हो गई है। साथ ही, 2014 से 2022 के बीच महंगाई भी 32.08% बढ़ी। चुनाव आयोग ने कहा कि उसने समिति की सिफारिशों को मान लिया है और उम्मीदवारों के लिए चुनाव खर्च की सीमा बढ़ाने का फैसला किया है।

**उम्मीदवार चुनाव में कैसे खर्च करते हैं?**


**चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार कई तरीकों से खर्च करते हैं, जिनमें शामिल हैं:**

**प्रचार रैलियां और सभाएं:** उम्मीदवार अपनी पार्टी और नीतियों को बढ़ावा देने के लिए रैलियां और सभाएं आयोजित करते हैं। इनमें मंच, ध्वनि प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था, और सुरक्षा व्यवस्था पर खर्च होता है।

**विज्ञापनः** उम्मीदवार टेलीविजन, रेडियो, समाचार पत्रों, और सोशल मीडिया पर विज्ञापन देते हैं।

**पोस्टर और बैनरः** उम्मीदवार अपने चेहरे और पार्टी के प्रतीकों वाले पोस्टर और बैनर लगाते हैं।

**प्रचार सामग्रीः** उम्मीदवार मतदाताओं को पंफलेट, ब्रोशर, और अन्य प्रचार सामग्री वितरित करते हैं।






## संपादकीय

# अतीक, मुख्तार, विकास... योगी सरकार में माफियाओं के सफाई



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

यूपी की योगी सरकार में लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। 16 मार्च 2024 तक 54 मामलों में 25 माफिया और 44 उनके सहयोगियों को सजा सुनाई जा चुकी है। इसी क्रम में 29 मार्च को बसपा नेता राजू पाल हत्याकांड में अतीक समेत 9 को दोषी पाया गया है। अतीक-अशरफ की मौत हो चुकी है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में सूबे में पनप रहे माफिया राज पर अंकुश लगा है। एक ओर माफिया और बाहुबलियों की अवैध रूप से अर्जित की गई अकूत संपतति पर बाबा का बुलडोजर गरजा है या फिर उसे जब्त कर लिया गया है। साथ ही 192 के करीब अपराधी पिछले कुछ सालों में मुठभेड़ में मार गिराए गए हैं। इसके अलावा आतंक का पर्याय बने मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद जैसे कई माफियाओं को उनके पुराने कर्मों की सजा कोर्ट से दिलाने में सफलता हासिल की है। योगी सरकार के कार्यकाल में पुलिस ने चिह्नित माफियाओं में से अब तक कुल 54 मुकदमों में 25 माफिया और 44 उनके सहयोगियों यानी कुल 69 को सजा मिली है। इनमें से 2 माफियाओं को फांसी की सजा सुनाई गई है। दरअसल, साल 2017 से योगी सरकार अपराध करने वाले अपराधी-माफियाओं के लिए काल बन चुकी है। सीएम योगी के सख्त निर्देश पर यूपी पुलिस और एसटीएफ एक के बाद एक बड़ी कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने अतीक, मुख्तार जैसे माफियाओं के आतंक से बनाए गए पूरे साम्राज्य को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है।

योगी सरकार में शासन और डीजीपी मुख्यालय की ओर से 2020 में 68 कुख्यात माफिया-अपराधियों की लिस्ट तैयार की गई थी। इन माफियाओं के मुकदमों में पैरवी लगातार की जा रही है। इसमें से 25 माफियाओं और 44 गैंग से सदस्यों सहित कुल 69 अपराधियों को सजा मिल चुकी है। इसमें से 2 आरोपियों को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। बाकी सभी को उम्रकैद अन्य सजाए मिली है।

यूपी में अपराध की बात करें तो 2016 की तुलना में साल 2023 में अपराधों में बड़ी कमी आई है। जहां डकैती में 87 प्रतिशत से ज्यादा, लूट में 72 प्रतिशत से ज्यादा और हत्या के मामलों में 40 प्रतिशत के करीब कमी दर्ज की गई है। वहीं फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में 68 प्रतिशत और बलात्कार के मामलों में 24 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। इसी तरह 2016 की तुलना में 2023 तक में व्यापक पैमाने पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। शस्त्र अधिनियम के तहत 4 प्रतिशत अधिक, एनडीपीएस अधिनियम में 26 प्रतिशत अधिक, गैंगस्टर अधिनियम में 23 प्रतिशत, गुंडा एक्ट में 31 प्रतिशत और आबकारी एक्ट में 32 प्रतिशत अधिक कार्रवाई की गई है।

**न्यूज़ एजेंसी द्वारा आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट**

# जलवायु परिवर्तन के बारे में उत्कृष्ट विस्तृत जानकारी



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** विश्व मौसम विज्ञान दिवस हर साल 23 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन 1950 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की स्थापना का स्मृतिदिवस है, जो मौसम विज्ञानियों के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करता है। इसी दिन, भारतीय नौसेना मौसम विज्ञान विश्लेषण केंद्र (आईएनएमएसी) और दक्षिणी नौसेना कमान में नौसेना समुद्र विज्ञान और मौसम विज्ञान स्कूल (एसएनओएम) द्वारा मेघयान-24 नामक एक मेटोक (मौसम विज्ञान और समुद्र विज्ञान) सेमिनार आयोजित किया गया, जो 28 मार्च 2024 को हुआ। इस सेमिनार का विषय एट द फ्रंटलाइन ऑफ़ क्लाइमेट एक्शन था, जो डब्ल्यूएमओ द्वारा वर्ष 2024 के लिए प्रकट किया गया था।

सेमिनार में अतिथि वक्ता भारतीय नौसेना महासागर सूचना प्रणाली केंद्र (आईएनसीओआईएस), हैदराबाद के डॉ. टीवीएस उदय भास्कर (वैज्ञानिक जी) और नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज फोरकास्टिंग (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ), नई दिल्ली के वैज्ञानिक जी डॉ. राघवेंद्र आश्रित ने प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने दर्शकों को वैज्ञानिक एजेंसियों द्वारा अपनाई गई नवीनतम तकनीकों और राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माताओं को निर्णय लेने में मदद करने के लिए जलवायु डेटा की संगणना के बारे में बताया। इसके अलावा, विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा परिचालन विकास के लिएएमईटीओसी इनपुट/ पूर्वानुमान प्रदान करने में भारतीय नौसेना और भारतीय वैज्ञानिक संगठनों द्वारा अपनाई गई नवीनतम तकनीकों को सामने लाते हुए नौसेना संचालन पर मौसम और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के विभिन्न विषयों पर पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं।

इस अवसर पर बेहतर और त्वरित निर्णय लेने को सशक्त बनाने वाले मौसम संबंधी जानकारी और पूर्वानुमान प्रसारित करने के लिए एक स्वदेशी मोबाइल एप्लिकेशन इन्द्र (इंडियन नेवल डायनेमिक रिसोर्स फॉर वेदर एनालिसिस) की भी शुरुआत की गई। एप्लिकेशन को भारतीय नौसेना के नौसेना समुद्र विज्ञान और मौसम विज्ञान निदेशालय के समन्वय में बीआईएसएजी (भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान) द्वारा विकसित किया गया है। इस कार्यक्रम में दक्षिणी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल उपल कुंडू, नौसेना मुख्यालय के कमोडोर (एनओएम), कमांडर अभिनव बर्वे और श्री मिरेन करमता, निदेशक, बीआईएसएजी ने भाग लिया। सेमिनार ने मौसम एवं जलवायु सेवाओं पर ज्ञान और विस्तृत जानकारी साझा करने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

# नैशनल हाईवे 152डी पर कट की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना 384 वें दिन भी जारी




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नैशनल ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस-वे 152डी पर सेहलंग-बागोत के मध्य कट की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 384वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सीताराम यादव सेहलंग ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीणों के साथ सरासर अन्याय कर रही है। जबकि केंद्रीय वजीर द्वारा बीते समय मंच से घोषणा की गई थी, उसके बाद भी धरातल पर कार्य शुरू नहीं होना बडे दुख की बात है। ग्रामीणों का जनप्रतिनिधियों की कथनी में अंतर होने से विश्वास उठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग पर फैसला नहीं लिया गया तो ग्रामीणों द्वारा आदोंलन का बिगुल फूंका जाएगा। संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह ने कहा कि उनके धरने को 384 दिन बीत चुके हैं। सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। जब तक प्रवेश मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, मुंशीराम, नरेंद्र शास्त्री,सतपाल सिंह,सूबेदार सुखबीर सिंह,रणधीर पहलवान,हरिओम पोता,प्यारेलाल, सतनारायण, हंसकुमार, हेमराज,सुरेश, संजय कुमार, अशोक कुमार, नंदकुमार हाजिर थे।

# रवीन्द्रनाथ टैगोर की बहन थीं देविका रानी की दादी



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की पहली लेडी कहलाने वाली अभिनेत्री देविका रानी की 30 मार्च को 116वीं जन्म जयंती है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में काम किया जब महिलाओं को वहाँ काम करना असम्भव माना जाता था। इस समय, हीरोइनों के किरदार को महिलाओं ने ही पोर्ट्रेट किया। लेकिन देविका रानी ने इस ट्रेंड के खिलाफ उत्तर देते हुए न केवल फिल्मों में काम किया, बल्कि भारतीय सिनेमा की पहली हीरोइन बनीं। उन्होंने 1933 में फिल्म कर्मा से अपना डेब्यू किया था।

देविका रानी 30 और 40 के दशक की सुपरस्टार थीं। वह रवीन्द्रनाथ टैगोर की रिश्तेदार थीं। दरअसल देविका रानी की जो दादी थीं, वह ठाकुर रवीन्द्रनाथ टैगोर की बहन थीं। 30-40 के दशक में फिल्मों में देविका का खूब जलवा था। देविका रानी ने टेक्सटाइल डिजाइनिंग में नौकरी शुरू की थी, पर उन्हें यह काम रास नहीं आ रहा था। इसलिए फिल्मों में आने का फैसला किया। साल 1928 में देविका की लंदन में हिमांशु राय से मुलाकात हुई। वहां वह अपनी एक फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। हिमांशु राय, देविका के काम करने के तरीके से प्रभावित हुए और अपने प्रोडक्शन हाउस में नौकरी दे दी।

देविका रानी ने एक के बाद एक कई फिल्में प्रोड्यूस कीं। उन्होंने ही दिलीप कुमार को फिल्मों में लॉन्च किया था। कुछ साल बाद देविका रानी ने दूसरी शादी कर ली। उन्होंने रूस के पेंटर Svetoslav Roerich से शादी की और फिल्म इंडस्ट्री छोड़कर विदेश में बस गईं। साल 1993 में देविका रानी के दूसरे पति की मौत हो गई और फिर एक साल बाद 1994 में वह भी चल बसीं।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# प्रॉपर्टी के लालच में पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को पुलिस ने किया काबू



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के गांव दौंगड़ा अहीर में 28 मार्च की रात्री के समय पिता पर कुल्हाडी से वार कर मौत की नींद सुलाने वाले शराबी-कवाबी से दिखाई देने वाले पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने हत्यारोपी धर्मपाल से वारदात में प्रयुक्त की गई कुल्हाडी को बरामद कर लिया है। मृतक दूसरे बेटे रामपाल की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि जमीनी विवाद को लेकर बेटे ने अपने बाप के मर्डर को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा-निर्देशानुसार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिन्होंने उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर उसे शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया। कागजी कार्रवाई के बाद हत्यारोपी धर्मपाल को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश किया जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# टोल बढ़ोतरी को लेकर 2 अप्रैल को हल्ला बोल

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** एक अप्रैल से सोहना से गुरुग्राम का सफर महंगा होने जा रहा है। नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। टोल टैक्स में पांच फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। टोल टैक्स पर बढ़ोतरी को लेकर टोल संघर्ष समिति ने इसका विरोध शुरू कर दिया है । बढे हुए टोल टैक्स को लेकर 2 अप्रैल को टोल संघर्ष समिति सोहना एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपेगी जिसको लेकर टोल संघर्ष समिति ने एक बैठक का आयोजन किया ।समिति के पदाधिकारी ने बताया कि आसपास लगते गांवों को अगर राहत नहीं मिली तो टोल के खिलाफ आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि 1 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नई दरों से टोल फीस की वसूली करने के निर्देश जरिए किए गए हैं। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे में टोल दरों में पांच फीसदी बढ़ोतरी की गई है। गुड़गांव-सोहना हाइवे पर घामडोज और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर अलीपुर के बाद हिलालपुर में टोल प्लाजा हैं ।घामडोज प्लाजा पर कार की एकतरफा यात्रा के टोल 115 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए 190 रुपये के बजाय 205 रुपये देने होंगे। अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पांच फीसदी टोल दर बढ़ेंगी। टोल संघर्ष समिति के संयोजक सतबीर पहलवान ने बताया कि पहले भी टोल की बढ़ोतरी को लेकर टोल संघर्ष समिति ने आंदोलन किया था ।लेकिन अब समिति की मांग है कि टोल के समीप लगता 22 गांव को इस टैक्स से राहत दी जाए। अगर नहीं इस पर कोई कदम नहीं उठाता है तो एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा।

# विधान सभा कमेटियों में अटेली हलके को प्रतिनिधित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष के निर्देशानुसार गठित की गई विस की 14 समितियों में अटेली हलके को अनिल विज तथा आफताब अहमद की टीम में प्रतिनिधत्व मिलने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। विधान सभा सचिवालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक विधान सभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन सम्बंधी नियमों के अनुसार विषेशाधिकार समिति बनाई गई हैं। लोक उपक्रम समिति में विधायकों की 9 सद्स्यीय टीम में अनिल विज को पर्बलिक अंडरटेकिंग,लोक उपक्रम सम्बंधी समिति की चेयरमैन नियुक्त किया गया है। जिसमें अटेली हलका विधायक सीताराम यादव सहित दूडाराम, भारत भूषण बतरा, प्रदीप चैधरी, केएल मिड्ढा, सुधीर सिंगला, चिरंजीव राव, तथा कुलदीप वत्स सद्स्य के रूप में कार्य करेगें। इसी प्रकार सरकारी आश्वासनों की समिति का चेयपर्सन आफता अहमद को बनाया गया गया है। जिसमें विधायक सीताराम यादव,राजेंद्र जून, दूडाराम, देवेंद्र बबली, अमरजीत ढांढा,बलबीर सिंह,सुभाष गंगोली, धर्मपाल गोंदर को शामिल किया गया है। विधायक सीताराम यादव को अनिल विज की टीम में स्थान मिलने पर मनोज यादव, राहुल मित्तल, सुरेश वशिष्ठ, कंवर सैन वशिष्ठ, राजेंद्र शर्मा,सतबीर यादव,हनुमान सेहलंगिया, सरपंच वीरेंद्र दीक्षित,रतन यादव सहित कार्यकताओं ने खुशी जताई है।

# युवा नशे को छोडकर खेलों को अपनाएं : पुलिस अधीक्षक

## एसडी विद्यालय ककराला में किया नैशनल सैंबो चैंपियनशिप का शुभारंभ

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शिक्षा के साथ-साथ खेलों का बडा महत्व है। खेलों से शरीर तंदरूस्त रहता है वहीं कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। ये बातें महेंद्रगढ जिले के पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने शनिवार को एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के प्रांगण में आयोजित 14वीं नैशनल सैंबो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने देश के विभिन्न प्रातों से आए खिलाडियों से कहा कि वे पूरी निष्ठा से खेलों को अपनाकर अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं। विद्यालय प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल खिलाडियों से कहा कि नशा समाज में बडी बुराई है। इसके खात्में के लिए सामुहिक रूप से प्रयास किए जाने जरूरी हैं। युवा नशे को छोडकर खेलों में रूचि दिखाएं। उन्होंने साईबर क्राईम के बारे में विद्यार्थियों को जारूक करते हुए कहा कि मोबाईल मिलने वाले लालच वाले अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें ऐसा करने पर उनके साथ फ्रॉड हो सकता है। फ्रॉड होने पर 1930 नम्बर डायल कर मदद ले सकते हैं। उन्होंने आपातकाल के लिए डायल 112 नम्बर के बारे में जानकारी दी। हरियाणा में ये सेवा महिला एवं आपात स्थिति में वरदान साबित हो रही है। संस्था के चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि विद्यालय के इंडोर स्पोर्टस कॉपलेक्स में प्रारंभ हुई दो दिवसीय




इस प्रतियोगिता में हिमाचल,हरियाणा,पंजाब,यूपी,बिहार,तमिलनायडु,मेघालय,पचिम बंगाल, चंडीगढ, महाराष्टर, राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए खिलाडियों ने अपना दम दिखाया। उन्होंने कहा कि भारत में सैबों स्पोर्टस की स्थापना 1994 में डिप्टीराम शर्मा द्वारा की गई थी। सैबों फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से पिछले 30 वर्षों से राष्ट्रीय,प्रदेश एवं जिला स्तर पर लगातार चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय पंहुचे एसपी अर्श वर्मा का चेयरमैन जगदेव यादव,सीईओ आरएस यादव, प्राचार्य औमप्रकाश यादव सहित फेडरेशन के पदाधिकारियों ने पगडी पहनाकर तथा फूलमालाओं तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। इस मौके पर सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार, खिलाडी तथा शिक्षक एवं कोच उपरसथित थे।

### आवश्यक सूचना

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

SAMRAAT YADAV 9899989964
सम्राट
PROPERTY AND CONSTRUCTION
DEALS IN
ALL HSVP SECTORS - 62,64,65 AND AGRICULTURAL LAND & INDUSTRIAL PLOTS
PLOT NO.360P SECTORS -65 BALLABGARH FARIDABAD 121004

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# पलवल विधायक दीपक मंगला ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान का लिया जायजा

## दुख की घड़ी में किसानों के साथ खड़े होने का किया वादा

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** देश के अन्नदाता की रबी की फसल खरे सोने के रूप में खेत में पककर खड़ी हुई थी कि अचानक प्रकृति का कहर उन पर टूटा और पलवल के बैंसलात क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि हुई जिससे भारी नुकसान हुआ है यह ओलावृष्टि फसल पर कम किसानों के अरमानों पर ज्यादा भारी पड़ी है।

गत दिवस ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए पलवल के विधायक दीपक मंगला लोगों के बीच पहुंचे इस दौरान उन्होंने पलवल क्षेत्र के विभिन्न गांवो नांगल ब्राह्मण रुंधी लाडि़याका लुलवाड़ी हिदायतपुर कमरावली बाता का दौरा कर गेहूं की बर्बाद हुई फसल का जायजा लिया इस अवसर पर किसानों से इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का वायदा करते हुए कहा की जल्द ही बर्बाद हुई फसलों की गिरदावरी करवाई जाएगी और इस विषय में प्रदेश के कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री से भी बात कर जल्द से जल्द लोगों को राहत दिलवाने का कार्य किया जाएगा।



इस अवसर पर उन्होंने कहा की किसान इस समय अपनी मेहनत की कमाई को घर लाना चाहता है किंतु प्रकृति के आगे सब बेबस है फिर भी आज किसान का बेटा हरियाणा का मुख्यमंत्री है और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में किसानों को जल्द से जल्द राहत दिलवाई जाएगी इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन संतराम बैसला यशपाल सरपंच मेघश्याम शर्मा और उपरोक्त गांवो के किसान मौजूद रहे।

# पुलिस की त्वरित कार्रवाई, 24 घंटे के अंदर ही 999 टेलीकॉम पर फायरिंग मामले में शामिल 2 आरोपी किए गिरफ्तार

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** डीएसपी पलवल श्री दिनेश यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही 999 टेलीकॉम पर फायरिंग मामले में शामिल 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

डीएसपी पलवल के अनुसार गत दिनांक 29 मार्च 2024 को 5 आरोपियों ने सुबह करीब 9:30 पर आगरा चौक पलवल निकट स्थित 999 टेलीकॉम दुकान पर फायरिंग कर फरार हो गए थे जिस संबंध में आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी एवं शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया। वारदात की सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लेकर बदमाशों की जल्द धर पकड़ बारे दिशा निर्देश दिए।



एसपी महोदया के निर्देशन में कार्य करते हुए पुलिस ने केवल 24 घंटे के अंदर ही वारदात में शामिल दो आरोपियों को धर दबोचा जिन्हें आज पेश अदालत कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है। मामले में फरार तथा इस वारदात से जुड़े किसी भी आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा सभी आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में वरिष्ठ प्रबुद्धजनों चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी व अधिवक्ताओं ने की भाजपा ज्वाइन

**भारत की अर्थव्यवस्था अगले 3 वर्षों में होगी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था : कृष्णपाल गुर्जर**

**कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने देश को जमकर लूटा : कृष्णपाल गुर्जर**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद 30 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारतीय सांस्कृतिक विरासत को फिर से विश्व स्तर पर स्थापित करने और भारत की अर्थव्यवस्था को चोटी पर पंहुचाने के कार्य में जुटे हैं। नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में हम सबको साथ देना है और तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित कार्यक्रम में यह कहा।


आज भाजपा फ़रीदाबाद जिला कार्यालय अटल कमल में फरीदाबाद के वरिष्ठ प्रबुद्ध जनों चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी व अधिवक्ताओं ने केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में भाजपा का हाथ थामा। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने उनको भाजपा का पटका पहनाकर उन सभी का पार्टी में स्वागत अभिनन्दन किया और भाजपा की सदस्यता दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, जिला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, सह प्रमुख राज मदान, आभास अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। मनीष लोहिया व तरुण गुप्ता की अगुवाई में सीए एस.के सोमन, सीए मोहित अग्रवाल, सीए राजेंद्र डिल्लन, अधिवक्ता संदीप अधाना, अधिवक्ता अरुण राज जुनेजा, अधिवक्ता मीतू कुमार, सीए उमेश अग्रवाल, सीएस मोनिका आनंद, सीए नवनीत रावल, सीए हिमांशु जिंदल आदि 80 के करीब प्रबुद्ध जनों ने भाजपा की सदस्यता ली।

इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि आप जैसे शिक्षित प्रबुद्ध युवाओं के पार्टी में आने से पार्टी को मज़बूती मिलेगी। मोदी जी के 10 साल गरीब कल्याण को समर्पित रहें है और मोदी जी ने ठाना है भारत को 2047 विकसित भारत बनाना है। उन्होंने कहा की फ़रीदाबाद में कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा मतों से जीत दिलाकर संसद में पहुँचाना है और मोदी जी को 400 पार के टारगेट को पूरा करने में अपना अहम योगदान देना है।





केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आप सभी वरिष्ठ प्रबुद्ध जनों के भाजपा परिवार में शामिल होने से भाजपा पार्टी मजबूत होगी। आप सभी को देश दुनिया की अर्थव्यवस्था की बहुत समझ है। 2014 से पहले का भारत क्या था और आज का भारत क्या है यह सब आज अच्छे से जानते हैं। 2014 से पहले 6 दशकों में देश में भ्रस्टाचार का बोल बाला था। देश की अर्थव्यवस्था की हालत बदतर थी। आपने 2014 से पहले की देश की आर्थिक दुर्दशा देखि है और मोदी जी के नेतृत्व में 2014 के बाद की ग्रोथ देखी है। 2014 में मोदी जी के सता संभालने के बाद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है और आज देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की ग्रोथ स्टोरी आपके सामने है। विश्व की बड़ी बड़ी ग्लोबल रेटिंग संस्थाएं आज डंके की चोट ऐलान कर रही है 7.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ अगले 3 वर्षों में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था होगी।


मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक देश विकसित होगा और आप हम सब इसके साक्षी होंगे। विपक्ष को ये नहीं पता उनका प्रधानमंत्री कौन होगा, ना उनके पास कोई एजेंडा नहीं है और ना कोई विजन। मोदी जी ने राजनीति में क्रेडिबिलिटी स्थापित की है। विपक्ष का दृष्टिकोण राष्ट्र विकास नहीं, सिर्फ स्वयं का विकास करना है। उन्होंने कहा कि एक अपराधी की मौत पर सभी विपक्षी पार्टियों के नेता छाती पीट रहे हैं, लेकिन उनको उन बहनों की फ़िक्र नहीं जिनके सुहाग उजाड़ दिए, उन बच्चों की फ़िक्र नहीं जिनको यतीम बना दिया। उनको सिर्फ अपराधियों और भ्रस्टाचार में लिप्त अपने नेताओं की चिंता है और सत्ता पाने के लिए वो किसी भी हद तक जा सकते हैं। जनता अच्छे से जानती है, देश का कोई भला कर सकता है तो वो मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी है इसलिए देश की जनता ने थान लिया है तीसरी बार मोदी को 400 सीटों पर जीताकर प्रधानमंत्री बनाना है।










# भाजपा ने गरीब का बेटा मुख्यमंत्री बनाया : नायब सैनी

**बिना खर्ची-पर्ची के दे रहे हैं नौकरी : मुख्यमंत्री**

**कांग्रेस में बाप-बेटे ही बनते हैं मुख्यमंत्री: नायब सैनी**

**हांसी में भाजपा की विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर मुख्यमंत्री ने किए वार**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी की अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में बाप-बेटे ही मुख्यमंत्री बनते हैं और भाजपा में साधारण कार्यकर्ता को सीएम बनाया जाता है। नायब सैनी ने कहा कि हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने मुझ जैसे एक गरीब परिवार के बेटे को पहले पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष और उसके बाद सीएम बनाया। शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी हिसार से लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला के प्रचार के लिए हांसी अनाज मंडी में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी की हांसी में पहली रैली थी। इस दौरान हिसार से लोकसभा के उम्मीदवार रणजीत सिंह भी मंच पर मौजूद थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल, राज्यसभा सदस्य डीपी वत्स, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला,हांसी विधायक विनोद भयाना ने भी संबोधित किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राहुल गांधी को बताना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी ने दस साल में लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया है। हमनें धारा 370 को खत्म करने का काम किया। राम मंदिर के नाम को लेकर कांग्रेस राजनीति करती थी। हमसे कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। नरेंद्र मोदी की सरकार में आज वहीं पर राम मंदिर बना है। नायब सैनी ने आप पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस से भी बड़े घोटाले आम आदमी पार्टी ने किए। इनके घोटालों के कारण आज इनके नेता जेल में हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता की आवाज को प्राथमिकता के आधार पर लागू करेंगे।

मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए पूरे प्रदेश में समान विकास किया है। सभी को बिना खर्ची-पर्ची नौकरी मिली है। मनोहर ने हर वर्ग के लिए नीतियां बनाई हैं। उन नीतियों को दुरुस्त कर लागू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

**कांग्रेस के लोग चुनाव लड़ने से डर रहे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से लोगों को गारंटी देने के नाम पर गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस की गारंटी पर लोगों को विश्वास नहीं है। देश को केवल मोदी की गारंटी पर भरोसा है। इंफ्रास्ट्रक्चर को भाजपा ने मजबूत किया। हरियाणा के सीएम ने कहा कि कांग्रेस को देश की चिंता नहीं है, बल्कि वोट की चिंता है। श्री सैनी ने कहा कि हमारे लिए देश प्रथम है। नरेंद्र मोदी ने कभी वोट के लिए काम नहीं किया। किसानों को सम्मान निधि के जरिए खाते में 6000 रुपये सालाना देने का काम किया। नई योजना बनाकर उन्हें धरातल पर उतारने का काम करेंगे। देश कांग्रेस के चरित्र और कार्यप्रणाली को भूला नहीं है। कांग्रेस शासन में बातें अधिक, काम कम होता था। अब बातें कम और काम अधिक होता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने दस साल में लोगों को सुविधा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के समय में गैस सिलिंडर के लिए तीन दिन लाइन में खड़ा होना पड़ता था। नरेंद्र मोदी ने उस लाइन को खत्म किया है।

# गुरुग्राम लोकसभा में हर बूथ पर खिलेगा कमल : कमल यादव

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोकसभा की सोहना और पटौदी विधानसभाओं में शनिवार को लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में हुई। दोनों बैठकों में लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। इन बैठकों में मंत्री संजय सिंह , विधायक दीपक मंगला, विधायक सत्य प्रकाश जरावता, मनीष मितल, चुनाव सह प्रभारी सज्जन सिंह शामिल हुए। सभी नेताओं ने हर बूथ पर कमल खिलाने की रणनीति पर मंथन किया। बैठक में चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से आगामी अभियानों की रूपरेखा और कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी व्यापक चर्चा हुई।




जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों और कार्यकर्ताओं के दम पर गुरुग्राम लोकसभा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह इस बार देश में सबसे ज्यादा मतों से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में गुरुग्राम लोकसभा में जबरदस्त विकास कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रेवाड़ी में ऐम्स और गुरुग्राम को द्वारका एक्सप्रेस का तोहफा देकर यहां की जनता का मन जीता है। श्री यादव ने कहा कि जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है।

कमल यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम पर लगातार चुनाव जीतती आ रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलबधियों को लेकर घर-घर जाएं। उन्होंने कहा कि दस सालों में ऐसा पहली बार हुआ जब सरकार लोगों के गांवों और घरों तक पहुंची है और लोगों को सरकारी की योजनाओं से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा युवाओं से संपर्क करें और उन्हें विकसित भारत और विकसित हरियाणा के लिए मतदान करने की अपील करें ।दीपक मंगला ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने दस सालों में हर वर्ग के लिए काम किया है। गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ गरीब लोगों को मिल रहा है। आयुष्मान और चिरायु कार्ड योजना ने गरीब लोगों को बीमारी के दौरान आने वाले खर्च की चिंता से मुक्त किया है। पारदर्शी शासन व्यवस्था के जरिए नागरिकों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवा मैरिट के आधार पर नौकरियां लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी हरियाणा को विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और उपलबधियों से जनता संतुष्ट है और जनता तीसरी बार केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है ।मनीष मित्तल ने कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार के कारण हर वर्ग दुखी था। कांग्रेस झूठ बोलकर सत्ता में काबिज होने के लिए लगातार भ्रम फैला रही है और झूठी घोषणाएं कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता कांग्रेस की झूठ को समझ चुकी है। हरियाणा के लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। इस बार गुरुग्राम लोकसभा की जनता भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर संसद भेजेंगी।


# गरीब बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में मिलेगा मुफ्त दाखिला

## 31 मार्च से 15 अप्रैल तक होंगे दाखिला के लिए आवेदन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**भिवानी।** प्रदेश भर के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के सेक्शन 12 व आरटीई नियम 2011 के तहत प्रावधान अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत 25 फीसदी सीटों पर गरीब परिवारों के बच्चों को दाखिला सुनिश्चित किया है। शिक्षा निदेशालय ने 31 मार्च से 15 अप्रैल तक दाखिला आवेदन किए जाएंगे। परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार सालाना आमदनी वाले परिवार अपने बच्चों के प्री नर्सरी से पहली कक्षा तक निजी स्कूलों में दाखिला के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। ये अभिभावक सीधे संबंधित विद्यालय में ऑफ लाइन आवेदन कर सकते हैं। स्कूल स्तर पर दाखिला का लाटरी ड्रा 18 अप्रैल को निकाला जाएगा।

इस पर निजी विद्यालयों द्वारा 22 अप्रैल तक बच्चों के दाखिला किए जाएंगे। इसके बाद पहले ड्रा में शामिल बच्चों द्वारा दाखिला न लेने की सूरत में बची हुई आरक्षित सीटों पर दाखिला 23 से 29 अप्रैल तक होंगे। जागरूक एंव पात्र अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों के दाखिला कराने के लिए आवेदन करें।



निदेशालय मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला
सार्वजनिक सूचना

नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत कक्षा पहली/पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश।

यह सूचना, जनसाधारण एवं हरियाणा राज्य के निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों की जानकारी के लिए है कि आर0टी0ई0 एक्ट, 2009 की अनुपालना में सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को अलाभप्रद व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए उक्त एक्ट के तहत कक्षा पहली/पूर्व प्राथमिक कक्षाओं हेतु 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करनी होंगी।

हरियाणा में चल रहे सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को एतद् द्वारा निर्देश दिया जाता है कि वे अपने विद्यालयों में कक्षा पहली/पूर्व प्राथमिक कक्षा में उपलब्ध सीटों की जानकारी सर्व साधारण के लिए दिनांक 31.03.2024 तक अपने स्कूल के नोटिस बोर्ड पर तथा स्कूल की वैबसाईट पर उपलब्ध करवाएं। ऐसी आरक्षित सीटों की सूची को अपने जिले के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी को भी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा RTE Act 2009 की धारा 12(1) (सी) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अलाभप्रद वर्ग के बालकों का प्रवेश देने की समय-सारणी निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| RTE Act 2009 की धारा 12(1) (सी) के पात्र लाभार्थियो हेतु दाखिले के लिए आवेदन की तिथि | 31.03.2024 से 15.04.2024 तक |
| लॉटरी द्वारा ड्रा करने की तिथि | 18.04.2024 |
| बालकों के दाखिले की अंतिम तिथि | 22.04.2024 |
| बालकों द्वारा दाखिला न लेने पर आरक्षित रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची से बालकों को दाखिला देने की समय-अवधि। | 23.04.2024 से 29.04.2024 |

अधिक जानकारी के लिए विद्यालय विभागीय वैबसाईट https://harprathmik.gov.in पर Latest News Section में संपर्क कर सकते है।

हस्ता0
महानिदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा, पंचकूला।

विषय:- नि:शुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के सैक्शन 12 (1) (सी) के प्रावधान अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में मान्यता प्राप्त प्राईवेट विद्यालयों में दाखिले करने बारे गाईडलाईन।

*******

राज्य में नि:शुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा एक या इससे पूर्व की कक्षा जैसे भी स्थिति हो विद्यालय द्वारा आस पड़ोस क्षेत्र (Neighbourhood Area) के अलाभप्रद व आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग के बच्चों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिला दिया जाना है। मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अलाभप्रद वर्ग के बालकों को दाखिला देने की समय-सारणी निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| RTE Act 2009 की धारा 12(1) (सी) के पात्र लाभार्थियों हेतु दाखिले के लिए आवेदन की तिथि | 31.03.2024 से 15.04.2024 तक |
| लॉटरी द्वारा ड्रा करने की तिथि | 18.04.2024 |
| बालकों के दाखिले की अंतिम तिथि | 22.04.2024 |
| बालकों द्वारा दाखिला न लेने पर आरक्षित रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची से बालकों को दाखिला देने की समय-अवधि। | 23.04.2024 से 29.04.2024 |

दाखिले के सम्बन्ध में गाईडलाईन निम्नानुसार जारी की जाती है:-

1. सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि कक्षा एक या इससे पूर्व की कक्षा जहां कहीं लागू हो, की कुल सीटों का कम से कम 25 प्रतिशत की सीमा तक अलाभप्रद व आर्थिक रूप से दुर्बल/कमजोर वर्ग से सम्बन्ध रखने वाले बालकों के लिए आरक्षित रखी जायेगी।
2. "अलाभप्रद समूह का बालक" अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के बच्चे एवं नि:शक्त बालक आर.टी.ई. एक्ट 2009 की धारा 2 के खण्ड (घ) व (ड़) (अ) अनुसार।

"आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग का बालक" आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग से सम्बन्धित बालकों के अभिभावक और माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रूपए अथवा उससे कम हो तथा आय परिवार पहचान पत्र से भी पुष्टि की जाए।

नोट- अलाभप्रद समूह के बालकों के अभिभावकों के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग के अभिभावकों का आय प्रमाण पत्र पिछले वर्ष का/नवीनतम पाया जाना अनिवार्य है जैसे कि-वर्ष 2024-25 के लिए मार्च 2024 माह का आय प्रमाण पत्र होना आवश्यक है या परिवार पहचान पत्र में अगर वार्षिक सत्यापित आय 1 लाख 80 हजार रूपये से कम है, तो वह मान्य होगा।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियां हो चुकी हैं पूरी : कमिश्नर

## राज्य के मुख्य सचिव ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की वीडियो कांफ्रेंस


**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरूग्राम जिला में लोकसभा चुनाव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जिला का चुनाव प्रबंधन कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशिका के अनुरूप जिला में चुनाव करवाए जाएंगे। गुरूग्राम मंडल के कमिश्नर आर.सी. बिढान ने आज हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद के साथ वीडियो कांफ्रेस करते हुए यह जानकारी दी। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी भी उपर्सथित रहे। लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुई इस वीडियो कांफ्रेंस में आयुक्त ने बताया कि गुरूग्राम जिला में चुनाव के लिए सभी एफएसटी, एसएसटी, एमसीएमसी आदि टीमों का गठन कर लिया गया है। मतदान केंद्रों का सर्वेक्षण हो चुका है। इसके अलावा 18 वर्ष की आयु पार कर चुके युवाओं को अपने वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नौजवान लडक़े-लड़कियां 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवाने के लिए ऑनलाईन या ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। जिला में मतदाता जागरूकता अभियान सतत रूप से चलाया जा रहा है और लोगों को 25 मई के दिन वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




कमिश्नर आर.सी. बिढान ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता व निष्पक्षता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कहीं भी आदर्श आचार संहिता की अवहेलना ना हो, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला की चार विधानसभा क्षेत्रों में 1270 पोलिंग स्टेशन हैं। इसके अलावा 1500 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों के साथ 62 उप मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनकी सूचि राज्य निर्वाचन आयोग को भिजवा दी गई है। ईवीएम स्टोरेज व मतगणना केंद्र की कार्य रूपरेखा तैयार कर ली गई है। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी अब चुनाव के कार्य को प्राथमिकता दें। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

चुनाव में किसी भी प्रकार के अनुचित संसाधनों का प्रयोग ना हो, इसके लिए जिला के प्रशासनिक अधिकारी पुलिस विभाग के साथ मिलकर निगरानी रखेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर बादशाहपुर के एआरओ व एसडीएम विश्वजीत चौधरी, सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट, गुरूग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार, पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह, नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम, एमसीजी गुरूग्राम की संयुक्त आयुक्त सुमन भांकर, विजय यादव, अखिलेश कुमार, डा. नरेश, ओएसडी टू डीसी प्रीति रावत, ओएसडी टू कमिश्नर सिमरन, बीडीपीओ नरेश कुमार, निर्वाचन तहसीलदार राजेंद्र सिंह, पंचायत विभाग के कानून अधिकारी राजपाल मोर, डीआईओ विभू कपूर, संतलाल आदि उपर्सथित रहे।



# 79वें स्टाफ कोर्स में भाग ले रहे भारतीय सशस्त्र बलों के भावी नेतृत्व को किया संबोधित



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने 28 मार्च 2024 को डीएसएससी, वेलिंगटन का दौरा किया और भारतीय सशस्त्र बलों के भावी नेतृत्व को संबोधित किया। उन्होंने देश के भूगोल के महत्व को समझाते हुए भारत की समुद्री विरासत और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्रीय विशिष्टता को महत्वाकांक्षी ढंग से स्थापित करने के लिए आत्मनिर्भरता के सिद्धांतों को बलात्कारपूर्वक लागू किया। उन्होंने भारतीय नौसेना को युद्ध के लिए तत्पर, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। एडमिरल आर हरि कुमार ने समुद्री डकैती विरोधी मिशनों सहित भारतीय नौसेना द्वारा हाल ही में चलाए गए कुछ अभियानों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भारत के व्यापार और अन्य समुद्री हितों की रक्षा में नौसेना द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने राष्ट्रीय सैन्य उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र बलों के भीतर एकजुटता और एकीकरण के महत्व पर भी बल दिया।







# 5100 रुपये बुढ़ापा पेंशन की बात भी नहीं मानी, तब टूटा गठबंधन : राव बहादुर सिंह

## नांगल चौधरी हलके के गांव रायमलिकपुर से जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने पर महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने गठबंधन में कहा था कि बेशक से लोकसभा की एक भी सीट मत दो, लेकिन हमारी घोषणा के अनुरूप बुढ़ापा पेंशन 5100 रुपये कर दो। यह जनहित की इस मांग को भी नहीं माना और हम अलग हो गए। इस कारण सबसे पहले उन्हें महेंद्रगढ़-भिवानी से उम्मीदवार घोषित करते हुए जजपा ने उन्हें टिकट दिया है और अब यहां की जनता का फर्ज बनता है कि वह उन्हें रिकार्ड तोड़ मतों से जीताकर संसद भेजें, ताकि दुष्यंत चौटाला के हाथ और मजबूत हो सकें। उक्त आह्वान जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने नांगल चौधरी विधानसभा के गांव मोहनपुर में ग्रामीण जनसभा को संबोधित करते हुए किया। ग्रामीण जनसभा की अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने की।

राव बहादुर सिंह ने कांग्रेस में चले जाने पर कहा कि वहां पर कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान नहीं होता, जिस कारण वह वापिस लौटकर आए हैं। यह बापू-बेटे की बपौती वाली पार्टी है तथा अन्य कार्यकर्ताओं अनदेखी की जाती है। उन्होंने कहा कि देश में जिस प्रकार चौधरी देवीलाल की चर्चा होती थी, उसी प्रकार आज दुष्यंत चौटाला की



चर्चा होती है। दुष्यंत चौटाला चौधरी देवीलाल के पदचिह्नों पर चलते हुए इस पार्टी को नई ऊंचाईयों तक लेकर जाएंगे। जब वह डिप्टी सीएम थे, तब भी उन्होंने प्रदेश में अनेक विकास एवं जनकल्याण के कार्य करवाए, जिनकी लोग अब गांवों की चौपालों में खूब चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि वह जिला महेंद्रगढ़ की माटी में जन्में हैं और अब यहां के लोगों का फर्ज बनता है कि उन्हें रिकार्ड तोड़ मतों से जीताकर संसद में भेजें, ताकि भविष्य में लोकसभा के और उम्मीदवार यहां से निकल सकें। उन्होंने कहा कि अबकी बार यहां की जनता किसी प्रकार की चूक न करे और बिना किसी गिले-शिकवे के उन्हें जीताने का काम करें।

जजपा के प्रदेश महासचिव एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने राव बहादुर सिंह की प्रशंसा में कहा कि यह हमारे बीच के उम्मीदवार हैं और इन्होंने हमारे इलाके की खूब सेवा की है। उन्होंने कहा कि चौधरी अजय सिंह चौटाला ने नांगल चौधरी से चंडीगढ़ तक की पदयात्रा रायमलिकपुर से शुरू की थी और आज राव बहादुर सिंह ने भी अपने ग्रामीण दौरों की शुरूआत रायमलिकपुर से करके उस इतिहास को दोहराया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सारे गिले-शिकवे भुलाकर राव बहादुर सिंह की जीत के लिए काम करें और अपने वोट के साथ-साथ अपनों के भी वोट दिलवाएं। 25 मई को मतदान होना है और तब तक इनके समर्थन में इनकी खूब मदद करें।

राव बहादुर सिंह ने शनिवार को गांव रायमलिकपुर के अलावा बनिहाड़ी, मोहनपुर, नांगल पीपा, दोंगली, भोजावास, नेहरूनगर एवं कालबा आदि गांवों का दौरा किया। इन दौरों में उनके साथ पार्टी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली, युवा जिलाध्यक्ष युद्धवीर पालड़ी, हलका अध्यक्ष विरेंद्र बनिहाड़ी, सावित्री गुर्जर, महेंद्र बडेसरा, रामकुमार मकसूसपुर, प्रमोद ताखर, रोहतास रावत, हजारी लाल लंबौरा, विजय छिलरो, संदीप भांखर, विरेंद्र घाटाशेर, विष्णु सरपंच, विक्रम यादव, बहादुर नांगलिया, धर्मबीर अकबरपुर, महेंद्र खन्ना, नवीन राव, महीपाल नंबरदार, जॉनी तंवर, दीपक यादव, बजरंग गुर्जर, हरिओम मेई, सुनील राव, रणबीर सरपंच, सुनील यादव, अभिषेक कुराहवटा, लीलाराम कालबा, सुनील दोंगली, प्रवीण, बाबूलाल, अमित भांखरी व रवि भालोठिया आदि मौजूद रहे।

# हिट एंड रन कानून रद्द करने बारे राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र में शामिल करें : पूनिया

**समाचार गेट ब्यूरो**

**दी ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन हरियाणा जिला कन्वैंशन में जिला कमेटी का चुनाव सम्पन्न**

**सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया**

दी ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन हरियाणा सम्बनधित आल इंडिया रोड़ ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन का जिला स्तरीय सम्मेलन पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में जवाहरलाल सैनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में यूनियन की जिला कमेटी का चुनाव सर्व सम्मति से हुआ। जिला कमेटी में जवाहरलाल सैनी को संयोजक, वेदप्रकाश यादव को सह संयोजक के अलावा यादवेन्द्र फोगाट, बलबीर सैनी,राजकुमार जांघू,बलकेश यादव, बिजेंद्र सिंह,पवन कुमार, सुरेंद्र ढाका, मनोज कुमार सीटू, सुरेंद्र मान, नेकीराम, संदीप भाक्कर,रामभज शर्मा, राजेश तलवार व उपेंद्र मलिक को जिला कमेटी सदस्य चुना गया।

सम्मेलन में केंद्र सरकार द्वारा बनाई भारतीय न्याय संहिता में कड़ी सजा व जुर्माने से नाराज ड्राइवर्स व वाहन चालको ने लोकसभा चुनावों में भाजपा का विरोध करने का एलान कर दिया है। इसके साथ ही कानून में बदलाव व सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर सभी राजनीतिक दलों को ज्ञापन देने का फैसला लिया है। हिट एंड रन कानून रद्द करने बारे सभी राजनीतिक दलों से अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की गई।

दी ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन हरियाणा (1853) के राज्य प्रधान सरबत सिंह पूनिया व सीटू के जिला सचिव मनोज कुमार ने सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि संसद में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह बनाई गई भारतीय न्याय संहिताओ (बीएनएस) को गृह मंत्रालय ने एक जुलाई 2024 से लागू कर दिया है। इसकी धारा 106 (1) में ड्राईवर व वाहन चालकों को दुर्घटना होने पर पांच साल की सजा का प्रावधान कर दिया है। जबकि पहले वाले कानून में यह सजा दो साल या जुर्माने की थी। इसके साथ ही न्याय संहिता की धारा 106 (2) में 10 साल की सजा व जुर्माने का कड़ा प्रावधान कर दिया है। इन दोनो धाराओं में बढ़ाई गई सजाओ व जुर्मानों के विरोध में नव वर्ष पर ड्राइवर्स के आंदोलन के दवाब में सरकार ने सभी पक्षो से बात कर कानून में संशोधन करने का वायदा किया था। परंतु सरकार ने जंहा ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की फेडरेशनों से कोई बात करनी उचित नही समझी वंही बजट सत्र में भी ड्राईवर विरोधी कानून में बदलाव का कोई संशोधन या रद्द करने का प्रस्ताव लेकर नही आई। इससे सरकार की मंशा का साफ पता चलता है। नोटिफिकेशन में 106(2) पर फिलहाल लगाई गई रोक ड्राइवर्स को गुमराह करने की चाल है ताकि चालक लोकसभा चुनावों में भाजपा का विरोध न कर सके। उन्होंने कहा ट्रांसपोर्ट वर्कर्स सरकार के अब किसी बहकावे में आने वाले नही है।

यादवेन्द्र फोगाट, जवाहरलाल सैनी व वेदप्रकाश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले दस सालों में ट्रांसपोर्ट सेक्टर व उसकी मुख्य धूरी ड्राइवर्स पर कई हमले बोले है। कार्पोरेट्स के मुनाफे बढ़ाने के लिए



मोटर व्हीकल एक्ट में कई बदलाव किए हैं जिनमे स्क्रैप पॉलसी, डीजल के रेट में बढ़ोतरी,भारी भरकम टोल टैक्स व इंश्योरेंस के प्रीमियम में बढ़ोतरी शामिल है। इसी प्रकार जंहा ड्राइवर्स पर चालान के दस गुणा तक रेट बढ़ाए गए वंही अब कड़ी सजाओ व जुर्माने के कानून थोंप दिए गए है। जबकि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 85% यात्रियों और 66% माल को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने का काम केवल सड़क परिवहन से होता है। जिसमें ड्राइवर्स का मुख्य रोल है। परंतु देश हित मे काम कर रहे इन वाहन चालकों को जेलों में डालने के लिए तो कड़े से कड़े कानून बनाए जा रहे है। परंतु उनकी सुरक्षा व मान-सम्मान के लिए सरकार चुप्पी साधे हुए है। हर दिन पुलिस व परिवहन अधिकारियों द्वारा सरेआम ड्राईवर को अपमानित किया जाता है। उनसे खुल्लम खुल्ला लूट खसूट तो आम बात हो गई है।

ड्राइवर्स के काम के कोई घण्टे निश्चित नही है। ईएसआई व पीएफ की कोई सुविधा नही है। यंहा तक कि आजादी के 75 साल बाद भी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले ड्राइवर्स के लिए कोई सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था नही है। इन हालात में आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन की 27 व 28 फरवरी को केरल में हुई बैठक में इन काले कानून को वापिस लिए जाने एवं अन्य मांगों को लागू करवाने के लिए लगातार जन-जागरण अभियान चलाने तथा सभी राजनीतिक दलों को ड्राइवर्स की मांगो का ज्ञापन देने का फैसला लिया गया है। आज जिला स्तरीय कन्वैंशन में 30 अप्रैल तक यूनियन सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की मांगो में मुख्य रूप भारतीय न्याय संहिता 106(1) व (2) को वापिस लिया जाए। इस बारे आवश्यक संशोधन संसद में पारित किया जाए। असंगठित क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट वर्कर्स पर न्यूनतम वेतन 26 हज़ार रु.लागू करने।

ईएसआई व पीएफ की सुविधा को लागू करते हुए 60 वर्ष की उम्र पर 10 हज़ार रुपए पेंशन की व्यवस्था करने। ड्राईवर कल्याण बोर्ड का गठन करने। मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के संशोधनों को वापिस लेने। डीजल, टोल व इंश्योरेंस प्रीमियम की बढ़ाई गई दरें वापिस लेने। ड्राइवरो व ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए ऊबर, ओला, रेडिपो के लिए भारत सरकार वैकलपिक एप तैयार करे।

वाहन स्क्रैप पॉलसी को आवश्यक की बजाए वैकलपिक बनाया जाए। रोड़ ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन को मजबूत ओर विकसित किया जाए। इलेक्ट्रिक बसों की खरीद, रखरखाव व संचालन के लिए सरकारी परिवहन विभाग को वित्तीय सहायता देना शामिल है।

## राव सुखबिन्द्र सिंह के शहर में व्यापारियों से डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान का दूसरा दिन

# राव सुखबिन्द्र सिंह एक पखवाड़े में कवर करेंगे पूरा शहर



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे पूर्व राज्यसभा सांसद राव मानसिंह के सुपुत्र और बिजली वितरण निगम के सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने नारनौल शहर में अपने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन आज शनिवार को स्थानीय पुल बाज़ार से आज़ाद चौक तक के व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठानों पर जाकर संपर्क किया। श्री राव ने अपने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान को जारी रखते हुए आज दूसरे दिन पुल बाज़ार से आज़ाद चौक तक सभी दुकानदारों और रेहड़ी खोखे वालों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा सहयोग की अपील की। इस दौरान जगह-जगह व्यापारियों ने फूल मालाओं और पटकों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कल इस अभियान की शुरुआत महावीर चौक से की थी और पुल तक के व्यापारियों से संपर्क किया था। श्री राव ने बताया कि व्यक्तिगत रूप से व्यापारियों से मिलकर उनकी समस्याएं जान रहे हैं, ताकि उनके समाधान का रोडमैप तैयार किया जा सके। उन्हें व्यापारियों ने बताया है कि सरकार ने नया नियम बना दिया है कि कोई माल खरीदने वाला रिटेल दुकानदार थोक व्यापारी का भुगतान 45 दिन में नहीं करता है तो 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। व्यापारी जीएसटी की पेचीदगियों और इस प्रकार के नियमों से परेशान हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। व्यापारी भाई चाहते हैं कि उन्हें सुरक्षित और स्वतंत्र रूप से व्यापार करने का माहौल मिले।

शनिवार को डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान में श्री राव के साथ ऋषिदेव शास्त्री, होशियार सिंह गोदारा, कैप्टन अभिजीत यादव, सज्जन सिंह, सूबेसिंह हेडमास्टर, उज्जनपाल, सत्यपाल यादव, शमशेर, डॉ दलीप सैनी, हेमंत शर्मा, सुरेन्द्र सिहमा, रविन्द्र यादव, वेदप्रकाश, हनुमान, रामकिशन सैनी, राकेश एवं राजेश यादव सहित दर्जनों गणमान्य लोग थे।

# श्री माधव स्मृति सेवा केंद्र ने बांटे फल एवं सैनेटरी पैड

**समाचार गेट ब्यूरो**


**फरीदाबाद।** समाज में स्वच्छता जागरूकता को लेकर सैनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम में श्री माधव स्मृति सेवा केंद्र द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। इसी कड़ी में फरीदाबाद सेक्टर 15 के आर्य कन्या सदन में सैनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 69 लड़कियों को सैनेटरी पैड वितरित किये गए। इस मौके पर श्री माधव स्मृति सेवा केंद्र के महासचिव श्री राम अग्रवाल जी, ने इस कार्यक्रम मैं शामिल बच्चियों को जागरूक करते हुए बताया की आपके जीवन में भी कुछ सपने होने चाहिए जिससे की आपका जीवन सार्थक हो सके। महिला समवन्य संयोजिका निधि जैन ने बच्चियों को पीरियड्स में बरतने वाली सावधानियां और लापरवाही बरतने पर होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया।



इस अवसर पर भारत विकास परिषद् माधव शाखा की अध्यक्ष मंजू यादव ने लड़कियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। उनका कहना है कि जरूरतमंदों की मदद करने से मन को खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सच्ची सेवा है। इसलिए हम सभी को मदद करनी चाहिए।

आर्य कन्या सदन में सक्रीय रूप से भूमिका निभा रहे अरुन वालिया जी ने बताया की यहां पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते रहे हैं हमने यह बहुत बेहतर मुहिम शुरू की है। लोगों को इस तरह की मुहिम का हिस्सा जरूर बनना चाहिए।

इस मौके पर वनवासी रक्षा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष कृष्णा बिहारी, भारत विकास परिषद् माधव शाखा की अध्यक्ष मंजू यादव, महिला सम्वर्धनी संयोजिका निधि जैन, श्री माधव स्मृति सेवा केंद्र के महासचिव श्री राम अग्रवाल, सामाजिक सद्भाव प्रमुख अरुण वालिया, साइंस ऑफ़ हैप्पीनेस कृष्णा बजाज, सह संघ चालक फरीदाबाद से जय किशन गुप्ता, महानगर कार्यवाहक राष्ट्रिय स्वंय सेवक संघ से गोविन्द अग्रवाल जी एवं समाज सेविका नीरू दहिया आदि उपर्सथित थे।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को कांग्रेस से उधार लेने पड़ रहे हैं अपने उम्मीदवार : अभय सिंह चौटाला

## इनेलो नेता अभय चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने टोहाना व रतिया में ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फतेहाबाद/टोहाना/रतिया।** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो पूरी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगी और प्रदेश की सभी 10 सीटों पर जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। वे शनिवार को टोहाना की अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने भी जनसभा को संबोधित किया और आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए जोर-शोर से पार्टी की नीतियों को जनता के बीच ले जाने और उन्हें पार्टी के साथ जोड़ने का आह्वान किया। इनेलो के जिलाध्यक्ष बलविन्द्र कैरों, शहरी जिला प्रधान हरबंस खन्ना, कार्यकारी जिला प्रधान हरि सिंह डांगरा ने पार्टी नेताओं का स्वागत किया।



लोकसभा चुनावी अभियान के तहत इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने सुबह टोहाना में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। वहीं दोपहर बाद वे रतिया की जैन समाधि धर्मशाला में भी कार्यकर्ताओं से मिले और लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश का किसान सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रहा है। एक तरफ सरकार सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने के दावे कर रही है लेकिन दूसरी तरफ किसान जब मंडियों में सरसों लेकर जा रहे हैं तो उनकी फसल को नहीं खरीदा जा रहा। प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए अभय चौटाला ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने में भाजपा पूरी तरह नाकाम रही है। स्थाई रोजगार की बजाय भाजपा ने कौशल निगम बनाकर युवाओं के शोषण के लिए अलग से विभाग खोल रखा है। इनेलो के सत्ता में आते ही इसे खत्म कर युवाओं को पक्की नौकरी देने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में अपनी हार को देखकर बौखलाए भाजपा के नेता ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर विपक्षी नेताओं को परेशान कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को जेल का डर दिखाकर जबरदस्ती भाजपा में शामिल करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को आज अपने उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे है। ऐसे में उसे कांग्रेस से आए उधार के नेताओं को टिकट देनी पड़ रही है।

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि सिरसा लोकसभा सीट सहित प्रदेश की सभी 10 सीटों पर इनेलो मजबूत उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। आज प्रदेश की जनता इनेलो को भाजपा के विकल्प के तौर पर देख रही है। प्रदेश में इनेलो का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। जेजेपी, भाजपा और कांग्रेस छोडक़र लोग इनेलो में आ रहे हैं। प्रदेश में जेजेपी पूरी तरह खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग रास्ता भटक कर जेजेपी में चले गए थे। ऐसे लोगों को वे कहना चाहेंगे कि अभी देर नहीं हुई, वे घर वापसी कर चौधरी देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करें।

इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र सिंह, पूर्व आईएएस देवेंद्र कौशिक, हल्का प्रधान प्रेम सिंह कन्हड़ी, हल्का फतेहाबाद प्रधान जगदीश जैलदार, वरिष्ठ नेता गुरुचरण अमानी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजपाल सैनी, शहरी अध्यक्ष अमृत सैनी, वरिष्ठ नेत्री सुमनलाता सिवाच, निर्मला नैन, प्रदेश प्रवक्ता विकास मैहता, युवा हलकाधक्ष मक्खन सिंह चांदपुरा, युवा नेता कपिल बंसल, वरुण गोयल सहित अनेक इनेलो नेता मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनावों में होगा भाजपा का सूपड़ा साफ : कुमारी सैलजा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, देश के हालात बड़े विकट हो चुके हैं। सरकार की तानाशाही व कुनीतियों के कारण आज लोकतंत्र खतरे में है। जनता सब कुछ समझ रही है और देख रही है। समय बदल रहा है और आगामी समय भी बदलाव से भरा होगा। लोकसभा चुनावों में इस बार देश की जनता भाजपा का सूपड़ा साफ करने का काम करेगी। वे शनिवार को यहां कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि मीडिया देश व समाज की हर परिस्थितियों पर नजर रखता है, लेकिन आज इस सरकार ने उसे भी खत्म करने का काम किया है। बड़े-बड़े मीडिया घरानों को खरीदकर उन्हें अपने पक्ष में कर लिया है। सैलजा ने कहा कि देश की जनता इस बात को भली भांति समझ चुकी है। लोकतंत्र में अपनी बात रखने का सभी को अधिकार है, लेकिन इस सरकार के खिलाफ जिसने भी बोलने की हिम्मत की, चाहे वो मीडिया हो, चाहे विपक्षी दल हो या कोई अन्य किसी को भी सरकार ने नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि सरकार ने आवाज उठाने वालों को ईडी व सीबीआई का डर दिखाकर उनकी आवाज को खामोश करने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह सरकार सरकारी एजेंसियों का हर जगह दुरुपयोग कर रही है। सैलजा ने कहा कि दूसरी पार्टियों में दागदार रहे नेता भाजपा में जाते ही किस प्रकार गंगा की तरह पवित्र हो जाते हैं, ये हम सभी ने साक्षात देखा है।

**भाजपा ने 10 साल तक जनता की आंखों में झौंकी धूल**

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने सत्ता में आने से पूर्व प्रत्येक नागरिक को 15 लाख रुपए बैंक खातों में डालने, सालाना दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने,

**चुनाव लडने के सवाल पर बोली- हाईकमान का आदेश होगा तो लड़ूंगी**

**जो भी सरकार के खिलाफ बोला उसे ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर किया खामोश**

महंगाई पर नियंत्रण से लेकर अनेक लोक लुभावने वादे किए थे, लेकिन सब जुमले ही साबित हुए। पिछले 10 साल से ये लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर राहुल गांधी ने जन यात्राएं की, प्रधानमंत्री से सवाल भी किए, लेकिन उन्होंने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। हरियाणा में सत्ता परिवर्तन का चुनाव से पहले ड्रामा रचा गया। सरकार को ऐसा करने की क्या जरूरत पड़ी।

उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन से प्रदेश में व्यवस्था तो नहीं बदली,



सिर्फ चेहरा ही बदला। लोगों को सब पता है कि चेहरा भी वही है। उन्होंने कहा कि इस ड्रामे से सरकार ने हासिल तो कुछ नहीं किया, लेकिन लोगों के सामने पार्टी की कमजोरी जरूर आ गई। सरकार के पांव हिल गए थे, नींव हिल गई थी, इसलिए सोचा था कि बदलाव ला देते है, कोई बदलाव नहीं आया।

**सीएम का चेहरा बदला पर व्यवस्था नहीं, हालात पहले जैसे ही**

उन्होंने कहा कि गठबंधन तोड़ने की बात भी दिखावा साबित हुई, क्योंकि ये कुछ समय पहले से ही तय था कि चुनाव से पूर्व गठबंधन टूटेगा। गठबंधन के दौरान जो भ्रष्टाचार हुआ, उसका जवाब कौन देगा। सीएम का चेहरा बदलने से जनता सवालों के जवाब नहीं मांगेगी। और कुछ नहीं सरकार का प्रदेश के मुख्यमंत्री से विश्वास उठ गया था। उन्होंने लोकसभा चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी 10 की 10 सीटों पर दावा ठोकेगी और सभी सीटें बड़े अंतर से जीतेगी। कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को सील करने के सवाल पर सैलजा ने कहा कि इस सरकार ने अपनी तानाशाही का एक और उदाहरण पेश करते हुए आयकर विभाग के मार्फत खाते सील कर जबरन राशि निकाली, ताकि पार्टी आर्थिक रूप से कमजोर हो जाए। सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का चुनाव हमेशा जनता ने लड़ा है और इस बार भी जनता पार्टी के साथ तन-मन-धन से है। चुनाव लड़ने के सवाल पर सैलजा ने कहा कि टिकट वितरण का फैसला हाईकमान करेगा और जो आदेश उन्हें मिलेंगे, उसी के अनुरूप वे चुनाव लड़ेंगी। हाईकमान जहां से कहेगा वहां से चुनाव लड़ना होगा।

इस अवसर पर अतर सिंह सैनी पूर्व मंत्री, चरणजीत सिंह रोड़ी पूर्व सांसद, बलवान सिंह दौलतपुरिया पूर्व विधायक, रणधीर सिंह धीरा पूर्व विधायक, नवीन केडिया पीसीसी डेलीगेट, वीरभान मेहता, राजेश चाडीवाल पीसीसी डेलीगेट, संदीप नेहरा, संतोष बैनीवाल, लाल बहादुर खोवाल, रतन गेदर, करनैल सिंह, राम सिंह सोलंकी चेयरमैन, लाडू राम पूनिया, हरपाल, जग्गा बराड़, मलकीत रंधावा, कर्मजीत कौर, भोला सिंह, बलबीर खोसा, सतपाल मेहता, छोटू सहारण, जगदीश कंबोज, हरविंदर कंबोज, खेता राम, तेजभान पटवारी, कुणाल खोड़, सुरजीत भावदीन, दलीप नेजिया, मांगेराम सरपंच, सुभाष सरपंच सहित अन्य पार्टी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हरियाणवी युवाओं को हरियाणा छोड़ने के लिए मजबूर कर रही है बीजेपी सरकार : दीपेंद्र हुड्डा

**बीजेपी सरकार को हरियाणा छोड़ने के लिए मजबूर करेंगे हरियाणवी युवा- दीपेंद्र हुड्डा**

**रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी, अग्निवीर व कौशल निगम जैसी योजनाओं ने युवाओं को पलायन के लिए किया मजबूर- दीपेंद्र हुड्डा**

**जो युवा फौजी बनकर अपने देश के बॉर्डर की रक्षा करना चाहते थे, वो दूसरे देश के बॉर्डर क्रॉस करने को मजबूर- दीपेंद्र हुड्डा**

**पेपर लीक व भर्ती माफिया का सफाया कर योग्यतानुसार 2 लाख पक्की भर्तियां करेगी कांग्रेस- हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी सरकार हरियाणवी युवाओं को हरियाणा छोड़ने के लिए मजबूर कर रही है। लेकिन इसबार युवा इस बीजेपी सरकार को हरियाणा छोड़ने के लिए मजबूर कर देंगे। दीपेंद्र हुड्डा 'इंडिया एंप्लायमेंट रिपोर्ट 2024' पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। इस रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि बेरोजगारी के चलते हरियाणा से भयंकर स्तर पर पलायन हो रहा है। हरियाणा के 55% पढ़े-लिखे युवा रोजगार की तलाश में प्रदेश छोड़कर पलायन कर चुके हैं। युवा रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे प्रदेशों व विदेश में जा रहे हैं।

सांसद दीपेंद्र ने कहा कि रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी, कौशल निगम और अग्निवीर जैसी योजनाओं ने युवाओं को पलायन के लिए मजबूर किया है। जो युवा फौजी बनकर अपने देश के बॉर्डर की रक्षा करना चाहते थे, आज वो डोंकी के रास्ते दूसरे देश के बॉर्डर क्रॉस करने को मजबूर हैं। जो युवा अपने देश के लिए जान देने को तैयार थे, आज वहीं युवा अपना देश छोड़ने के लिए जान देने को तैयार है। प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं को योजनाबद्ध तरीके से बेरोजगार, अशिक्षित, अकुशल, नशेड़ी और अपराधी बना रही है। इसलिए अपने बच्चों के भविष्य को इस सरकार के चंगूल से छुड़वाने के लिए अभिभावक अपनी जमीन व घर बेचकर भी युवाओं को बाहर भेजना चाहते हैं।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बार-बार सड़कों पर उतरकर बेरोजगारों की आवाज उठाई। उन्होंने खुद सोनीपत, करनाल और पंचकूला समेत प्रदेश भर में बेरोजगार युवाओं के समर्थन में धरने प्रदर्शन किए। पार्टी द्वारा विधानसभा से लेकर संसद तक में बढ़ती बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। खुद केंद्र सरकार ने संसद में माना कि हरियाणा में आज सर्वाधिक बेरोजगारी है। मानव विकास संस्थान यानी आईएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने जो रिपोर्ट जारी की है, ये भी भयंकर बेरोजगारी की तस्दीक करती है।

सांसद दीपेंद्र ने कहा कि प्रदेश के सरकारी विभागों में आज 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। लेकिन सरकार प्रत्येक भर्ती में इस कद्र धांधलियां करती है कि वो कोर्ट में जाकर लटक जाती है। जानबूझकर भर्तियों को लटकाया जाता है और कौशल निगम के चोर दरवाजे से बिना मेरिट, बिना योग्यता व बिना आरक्षण के पदों को भर लिया जाता है। कौशल निगम में पढ़े-लिखे युवाओं से दिहाड़ी-मजदूरी के रेट पर काम लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 तक हरियाणा देश में सबसे ज्यादा रोजगार सृजन करने वाला राज्य था। लेकिन मौजूदा सरकार ने रोजगार देने वाले हरियाणा के प्राइवेट सेक्टर को ध्वस्त कर दिया। बढ़ते अपराध, नकारा जन प्रतिनिधियों और बेलगाम अफसरशाही के चलते प्रदेश में नया निवेश आना बंद हो गया। कोई नया उद्योग स्थापित होने की बजाए, कांग्रेस कार्यकाल के द्वारा दौरान स्थापित हुए उद्योग भी यहां से पलायन करने लगे। इसकी वजह से प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार उत्पन्न नहीं हो पा रहे हैं। जो बेरोजगारी को कई गुना बढ़ा देता है। बेरोजगारी के चलते ही बड़ी तादाद में युवा पलायन कर रहे हैं और कई युवा नशे व अपराध के चंगुल में फंस रहे हैं।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा कांग्रेस सरकार बनने पर प्राथमिकता के साथ बेरोजगारी पर नकेल कसी जाएगी।

नौकरियों को बेचने व पेपर लीक का रैकेट चलाने वाले भर्ती माफिया को खत्म करके योग्यता के अनुसार, समयबद्ध तरीके से युवाओं को 2 लाख पक्की नौकरियां दी जाएंगी। एकबार फिर प्रदेश को अपराध मुक्त करके निवेश का माहौल बनाया जाएगा और प्राइवेट सेक्टर को फिर से रोजगार सृजन के लिए तैयार किया जाएगा।

# बलिदानी फौजी के बूढ़े मां-बाप बुढ़ापा पेंशन के लिए खा रहे हैं दफ्तरों के धक्के : जयहिंद

**जब तक सरकार पेंशन नहीं देगी तब तक जयहिंद देंगे बुर्जुग महिला को सम्मान पेंशन**

**सरकार और सरकारी अधिकारी दो दिन में बुजुर्ग महिला की पेंशन करें बहाल नहीं तो उतरेंगे सड़क पर : जयहिंद**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद के पास शनिवार को रोहतक तम्बू में एक बुजुर्ग दंपति अपनी पेंशन कटने की समस्या को लेकर पहुंचे ।

जयहिंद ने बताया कि बुर्जुग दंपति एक फौजी के मां-बाप है जो अब इस दुनिया मे नहीं है । ऐसे में उस फौजी के बाद समाज और सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि उनका सम्मान हो और दुःख सुख में साथ खड़े हो । लेकिन एक शहीद फौजी की मां जिसने अपने कलेजे का टुकड़ा इस देश को दिया आज वो खुद बुढ़ापा पेंशन के लिए धक्के खा रही है और अधिकारी पावर के नशे में चूर है । मुख्यमंत्री कह रहे है कि उनके घर के द्वार जनता के लिए हमेशा खुले है तो इस बुर्जुग माता के लिए क्यों बंद है ।

जयहिंद ने पूरे मामले को पत्रकारों के सामने रखते हुए कहा कि माता जी अनपढ़ है तो उनके पास कोई भी स्कूल प्रमाण पत्र नहीं है ऐसे में पहले के नियमानुसार सरकारी डॉक्टर ने उनकी उम्र प्रमाण के कागजात तैयार किया जिसमें वह वर्ष 2013 में 60 साल की हो गई। लेकिन नई पेंशन के आधार पर ये वर्ष 2014 में 60 वर्ष की होती है । जिसकी वजह से वर्ष 2019 में इनकी पेंशन काट दी गई और इन्हें 2013 से लेकर के 2019 तक ली गई पेंशन को अवैध बताते हुए वापस करने का फरमान जारी किया गया। अब यह बुर्जुग दंपतति पिछले कई सालों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है और अब अधिकारियों ने आचार संहिता का हवाला देकर इन्हें घर बैठने के लिए बोल दिया गया ।

जयहिंद ने बताया की अधिकारी बिना जाँच के 2019 में उनकी पेंशन कैसे काट सकते है । अगर सरकार को बुर्जुग सम्मान पेंशन वापिस ही चाहिए तो पहले माताजी को मई 2019 से लेकर मार्च 2024 तक की पेंशन ब्याज सहित वापिस करें जो की लगभग डेढ़ लाख रुपए बनते है । वही सरकार इसमें से दिसंबर 2013 से अगस्त 2014 तक की 3500 रुपए काट कर बाकी की पेंशन ब्याज सहित वापिस करें।

जयहिंद ने वही सरकारी अधिकारी द्वारा जारी तुगलकी फरमान पेंशन वापसी पर कहा कि बुजुर्ग महिला ने न तो सरकारी अधिकारियों को किसी तरह के फर्जी दतावेज दिए और न ही सरकार को कोई धोखा दिया ।

जयहिंद ने वही सरकार और सरकारी अधिकारीयों को 2 दिन का समय देते वह कहा कि या तो दो दिन में माता जी की समस्या का समाधान हो नहीं तो वे खुद उनके साथ सड़क पर उतरेंगे।

वही जयहिंद ने माता जी को 3 हजार रुपए की सहायता राशि देकर उनकी मदद की और कहां की जब तक सरकार उन्हें सम्मान पेंशन नहीं देगी वह उन्हें यह पेंशन देंगे।

# स्कूल बंद कर रहे हो तो शराब का ठेका खुलवाने का लाइसेंस दे दे सरकार : नवीन जयहिंद

**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने शनिवार को सेक्टर 6 में प्राइवेट स्कूलों के संदर्भ में प्रेस वार्ता की। जयहिंद ने कहा की हरियाणा में हजारों की संख्या में प्राइवेट स्कूल चल रहे हैं जिन्हे सरकार ने बंद करने का तानाशाही फरमान जारी किया हैं जिनमे कुछ गैर मान्यता प्राप्त स्कूल भी हैं सरकार को पहले ये सोचना चाहिए की गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले लाखो बच्चे कहाँ जाएंगे । इसके साथ ही ये गैर मान्यता प्राप्त स्कूल हजारों पढ़े -लिखे युवाओं को रोजगार दिए हुए हैं । सरकार हजारों पढ़े लिखे युवाओं का रोजगार क्यों छीनना चाहती हैं । अगर सरकार स्कूलों को बंद ही करना चाहती हैं तो फिर उनके स्कूल को बंद करके उन्हें शराब के ठेके का लाइसेंस दे दे।



जयहिंद ने सरकार की चिराग योजना पर भी सरकार को घेरते हुए कहा की जब सरकार खुद ही चिराग योजना के तहत प्राइवेट स्कूलों में दाखिला करने के लिए आवेदन मांग रही हैं तो फिर प्राइवेट स्कूलों को बंद करने का क्या औचित्य हैं । सरकार को चाहिए की इन गैर मान्यता प्राप्त स्कूलो की मान्यता लेने के लिए नियमो का सरलीकरण करे ताकि ये स्कूल भी स्थाई मान्यता ले सके और भूमि मानकों में भी आवश्यक सुधार करना चाहिए । क्योंकि ये वे प्राइवेट स्कूल हैं जो गरीब परिवार के बच्चो को नाम मात्र मासिक फीस लेकर शिक्षा देते हैं। इन प्राइवेट स्कूलों की मासिक फीस मात्र 400से 500 रु हैं जबकि सरकार भी संस्कृति मॉडल स्कूलों में 500 से 700 रु मासिक फीस ले रही हैं। जयहिंद ने हरियाणा के मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री से इन स्कूलों को बंद ना करने की अपील की ताकि लाखो लोगो का रोजगार बना रहे। जयहिंद ने कहा की अगर सरकार ने इन स्कूलों को बंद करने की कोशिश की तो उन्हें मजबूरी में सोटा उठाकर सड़क पर उतरना पड़ेगा जबकि हरियाणा की नई शिक्षामंत्री स्वयं पहले एक प्राइवेट स्कूल में कंप्यूटर टीचर रह चुकी हैं तो उन्हें इनकी समस्या को समझना चाहिए और समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि इनमे पढ़ाने वाले लाखो लोग बेरोजगार ना हो।